अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# संदिग्ध अवस्था में मिला सर्राफ का शव, हत्या का लगाया आरोप

## गले और सिर पर धारदार हथियार के घाव, शव 16 घंटे रखा रहा मोर्चरी में

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अलीनगर बाईपास के पास रविवार देर रात एक सर्राफा व्यापारी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को राजकीय मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी भिजवाया। शव की स्थिति देख परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए हंगामा शुरू कर दिया। मोर्चरी से शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने से पहले हत्या की रिपोर्ट लिखने पर अड़े रहे। आखिरकार चार दोस्तों पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद शव को 16 घंटे बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका।


मोर्चरी के बाहर उमड़ी लोगों की भीड़। अमृत विचार

- आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर पड़ा मिला शव


मनोज यादव।

सुभाष नगर निवासी मनोज यादव (40) पुत्र कर्मवीर सिंह यादव उमरायपुरवा गांव में सर्राफा दुकान चलाते थे। रविवार देर शाम वह दुकान बंद कर बाइक से घर निकल गए थे। इसी दौरान अलीनगर अंडरपास से करीब 200 मीटर बनपुरा सड़क किनारे शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवाया और परिजनों को सूचना दी। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। मृतक के बड़े भाई पिंटू ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी। उनका आरोप है कि मनोज की गर्दन और सिर के पीछे भी धारदार हथियार के हमले से घाव है, जिससे हत्या की आशंका और गहरा गई है।

तहरीर पर भी रिपोर्ट न दर्ज होने से आक्रोशित परिजनों ने शव को मोर्चरी हाउस के बाहर नहीं निकलने दिया। महिलाएं मोर्चरी गेट पर धरना देकर बैठ गईं। स्थित की गंभीरता को देखते हुए सीओ कुलवीर सिंह भदौरिया, सीओ छिबरामऊ सुरेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार शुक्ल, सदर कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह, निरीक्षक राधेश्याम, ठठिया थाना प्रभारी संजीव कुमार कई थानों के उप निरीक्षक सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। करीब तीन बजे पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने की बात मान ली। उसके पश्चात शव के पंचनामा भरने की कार्यवाही शुरू हो सकी। मृतक की पत्नी सोनी की तहरीर पर पुलिस ने नीतू निवासी गोवा थाना तिर्वा के अलावा अन्य तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बताया गया चारों मनोज के दोस्त थे और रविवार शाम दावत में चलने की बात कहकर साथ ले गए थे। चारों पर हत्या करने का आरोप लगाया गया है।

कोतवाल संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# साइबर अवेयरनेस क्विज के परिणाम घोषित किए गए

**छिबरामऊ।** साइबर पुलिस के सहयोग से जनवरी में आयोजित ऑनलाइन साइबर अवेयरनेस क्विज प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर दिया गया है। विजेता बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा।

आयोजक गौरव त्रिपाठी ''अमर'' ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति सतर्क करना था। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रमुख विजेताओं में अवध एजुकेशन सेंटर की आयुषी दुबे, प्रियांशी गुप्ता, नैन्सी यादव, सिटी चिल्ड्रन्स अकादमी से शिवांश, शिवान्या, शिवांक, समीक्षा, कार्तिकेय, अपूर्वी, हीरालाल कॉलेज से आनंद यादव, शिवम, सुदिति सिंह, आरबीएस विद्यालय से मयंक पाल, अरुष, शोभित, सोनी, कशिश, हेमवीर, पीडी गर्ल्स इंटर कॉलेज से अदीबा, प्रिया बाथम, शिरी परवीन। गैलेक्सी पब्लिक स्कूल अंश मिश्रा, शिवांक शुक्ला और आरसी पब्लिक स्कूल से साक्षी, अभिनव, वीर, वैष्णवी, काजल शामिल हैं। सभी सफल प्रतिभागियों को पुलिस प्रशासन द्वारा बनवारी नगर स्थित सभागार में आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित व प्रोत्साहित किया जाएगा।

# जिले में 38 हजार बुजुर्गों को नहीं मिली पेंशन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- करीब 76 हजार हैं लाभार्थी, मार्च में महज 50 फीसदी को ही लाभ मिला
- सरकार जरूरतमंद वृद्धों को तिमाही तीन-तीन हजार रुपये की किस्त देती है

**अमृत विचार।** कन्नौज सदर सीट से विधायक असीम अरुण प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं। इसके बावजूद जिले में करीब 38 हजार बुजुर्गों को पेंशन नहीं मिली है। जिले में 76 हजार लाभार्थी हैं जिसमें महज 50 फीसदी को ही लाभ मिला है। डेढ़ महीने अतिरिक्त गुजर जाने के बाद भी तीन-तीन हजार रुपये खातों में नहीं पहुंचे हैं।

जिला समाज कल्याण कार्यालय के मुताबिक कन्नौज जनपद में करीब 76 हजार बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन दी जाती है। प्रतिमाह एक हजार रुपये के हिसाब से तिमाही किस्त तीन-तीन हजार रुपये लाभार्थियों को दिए जाते हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन मार्च में किस्त भेजी गई लेकिन पंजीकृत सभी लाभार्थियों के खातों में भुगतान नहीं गया। तबसे करीब डेढ़ महीने और गुजर गया है। अब दूर-दूर से चलकर हर रोज कई वृद्ध विकास भवन पहुंचते हैं। पासबुक व आधार कार्ड देकर अपनी पेंशन चेक करा रहे हैं। कार्यालय में बताया जाता है कि इस बार सभी को लाभ नहीं मिला है। पेंशन लखनऊ से ही भेजी जाती है। लाभ जल्द मिलेगा। पेंशनर विनय शर्मा ने बताया कि वृद्धावस्था पेंशन से वह अपनी दवा खरीदते हैं लेकिन इस बार बैंक खाते में किस्त नहीं आई है। बुजुर्ग पेंशनर विजय का कहना है कि मार्च में कई लोगों ने किस्त आने की जानकारी दी तो कइयों के खातों में लाभ नहीं पहुंचा। उनके खाते में भी तीन हजार रुपये नहीं आए।


विकास भवन का दृश्य।

> जिले में करीब 38 हजार बुजुर्ग पेंशनरों को लखनऊ से किस्त भेजी जा चुकी है। इतने ही लाभार्थी और बचे हैं। केंद्रांश की दिक्कत बताई जा रही है। लाभार्थी परेशान न हों, सभी को किस्त भेजी जाएगी। कुछ तकनीकी समस्या भी आई है। खातों में लाभ सीधे लखनऊ से ही भेजा जाता है। इसमें जनपद स्तर का कोई रोल नहीं होता।
> –वेद प्रकाश मिश्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी

## न्यूज ब्रीफ

### युवक को मारपीट कर किया घायल

**सौरिख।** रंजिश को लेकर युवक को लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी। थाना क्षेत्र के गांव भदौरियन पुरवा निवासी संतोष पाल पुत्र विद्याराम पाल ने बताया, 10 अप्रैल को समय करीब शाम 4 बजे उसके गांव के शिवकुमार पुत्र विक्कूलाल, राहुल, रोहित पुत्रगण शिव कुमार, मुन्नी देवी पत्नी शिवकुमार एक राय होकर उसके दरवाजे पर आए और गालीगलौज करने लगे। जब उसने आरोपियों को गाली देने से मना किया तो उन्होंने लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया। उसके शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घायल का डाक्टरी परीक्षण कराते हुए रिपोर्ट दर्ज कर ली और जांच चौकी इंचार्ज नादेमऊ को सौंप दी।

### युवतियों पर फब्तियां कसते युवक गिरफ्तार

**कन्नौज।** महिलाओं व युवतियों पर फब्तियां करते सरायमीरा चौकी प्रभारी ने युवक को गिरफ्तार किया है। सरायमीरा चौकी प्रभारी रामकृष्ण मिश्रा ने सदर कोतवाली के मोहल्ला कुतलूपुर निवासी अमन गिहार पुत्र रिंकू गिहार को गिरफ्तार किया है। लोगों ने दरोगा को सूचना दी थी कि युवक गोल कुआॅ के पास खडा है जो आने जाने वाली महिलाओं व युवतियों पर अश्लील भाषा का प्रयोग कर रहा है। इस पर वह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे ।आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### महिला की बाइक चोरी

**कन्नौज।** सदर कोतवाली के गांव ददौरा खुर्द निवासी मीना देवी पत्नी राजेश कुमार ने कोतवाली सदर में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 28 अप्रैल को मानीमऊ स्थिति अनन्देश्वर आश्रम काले कंबल बाले बाबा के पास गई थी। पंडाल के बाहर बाइक खडी कर बाबा के पास चली गई। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब वह पति के साथ वापस आई तो बाइक गायब थी। किसी ने उसकी बाइक चोरी कर ली।

# सीएचसी में अव्यवस्थाओं पर मरीजों का फूट गुस्सा

संवाददाता,छिबरामऊ

- सीएचसी के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाकर ग्रामीणों ने काटा हंगामा

**अमृत विचार।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को इलाज कराने पहुंचे मरीजों और तीमारदारों ने बदहाल व्यवस्थाओं और कथित अवैध वसूली से परेशान हो जमकर हंगामा किया।

एक तरफ सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर रही है वहीं भारी भरकम तनख्वाह पाने वाले कुछ स्वास्थ्य कर्मचारी सरकार की योजनाओं को पलीता लगा रहे हैं। ऐसे कई मामले अस्पताल से सामने आ चुके हैं, लेकिन जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती रही है। एक नया मामला नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सामने आया है यहां कसावा निवासी कन्हैया लाल और पुन्नी नगला की ममता देवी ने बताया कि कुछ कर्मचारी इंजेक्शन लगाने के नाम पर अतिरिक्त पैसे मांगते हैं। हालांकि संबंधित कर्मचारी ने आरोपों को निराधार बताया है। इसके अलावा अस्पताल में सर्वर ठप होने और आभा कार्ड की अनिवार्यता के चलते कई मरीज घंटों लाइन में खड़े रहे। रनवीरपुर निवासी रानी और रामप्यारी समेत कई गर्भवती महिलाओं को बिना जांच और दवा के वापस लौटना पड़ा।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम विरोधी सांसदों के खिलाफ धरना

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** 'महिला जन आक्रोश अभियान' के तहत विपक्षी सांसद घेराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जनपद की कई महिलाओं ने एकत्रित होकर ''नारी शक्ति वंदन अधिनियम'' (महिला आरक्षण बिल) का विरोध करने वाले जनप्रतिनिधियों के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया।

लोकसभा कन्नौज स्तर पर प्राची गुप्ता के नेतृत्व में दीप शिखा पाल की तरफ से आयोजित प्रदर्शन में उन राजनेताओं और सांसदों का घेराव व विरोध किया गया जिन्होंने ''नारी शक्ति वंदन अधिनियम'' का विरोध किया था।

अपने संबोधन में प्राची गुप्ता ने कहा कि जो दल और सांसद महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों के आड़े आ रहे हैं, उन्हें आगामी समय में जनता और विशेषकर नारी शक्ति कड़ा सबक सिखाएगी। स्पष्ट किया कि यह घेराव मात्र एक सांकेतिक प्रदर्शन नहीं, बल्कि उन ताकतों को चेतावनी है जो महिला सशक्तिकरण की राह में रोड़ा अटका रही हैं। मनरेगा पार्क में आयोजित इस घेराव कार्यक्रम में रेखा दोहरे, विनीता चतुर्वेदी, सुनीता कटियार, कल्पना देवी, कमला देवी, गीता कुशवाह, विमला कुमारी, सरोज सिंह, साधना सविता, मीना कश्यप, शीलू सिंह, मुन्नी देवी, शीतल बाथम मौजूद रहीं।


विकास भवन के बाहर मनरेगा पार्क में धरना को संबोधित करतीं प्राची गुप्ता।

# बाइक पोल से टकराई, युवक की गई जान

**गुरसहायगंज।** रविवार देर शाम घर जा रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर पोल से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसकी मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के चौकी सराय प्रयाग के गांव सूलनपुर निवासी अरविंद यादव (40) रविवार की देर शाम करीब 7:30 बजे बाइक से अपने घर सरायप्रयाग से जा रहा था कि बाइक किसी प्रकार मोड़ पर अनियंत्रित हो गई और पोल से टकरा गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया जहां उसकी मृत्यु हो गई। मामले में सराय प्रयाग चौकी प्रभारी रामकृपाल सिंह ने बताया कि खेत में जाते समय अरविंद की तबीयत खराब हो गई और वह खेत में गिर गया। सम्भवतः उसे हार्ट अटैक आया है। मामले की सूचना किसी ने नहीं दी है।

# सड़क पर बह रहा तालाब का गंदा पानी

संवाददाता छिबरामऊ

- मां आनंदी देवी के दर्शन को जाने के लिए इसी से होकर जाना होता है

**अमृत विचार।** एक ओर सरकार स्वच्छ भारत अभियान के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं ग्राम माधौनगर में जमीनी हकीकत इसके उलट है। गांव के बीचों-बीच स्थित तालाब गंदगी से पूरी तरह पट चुका है, जिसके कारण जल निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है। आलम यह है कि तालाब का गंदा पानी अब सड़कों पर बह रहा है। श्रद्धालुओं को मां आनंदी देवी के दर्शन को जाने के लिए इसी बदबूदार और गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि पवित्र मंदिर के मार्ग में इस तरह की गंदगी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर शासन और प्रशासन को कई बार लिखित और मौखिक शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारी समस्या को लेकर अनजान बने हुए हैं। कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। कुछ ही दिनों में बरसात शुरू होने वाली है। अगर जल निकासी की व्यवस्था नहीं हुई, तो गांव में महामारी फैलने का डर है। वहीं ब्रजु शाक्य, पेशकर व अन्य ग्रामीण बिजेंद्र सिंह, रामबिलन, नाथू राम और कन्हैयालाल ने संयुक्त रूप से चेतावनी दी है कि यदि मानसून से पहले तालाब की सफाई और नाले की व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो गांव में भयंकर बीमारियां फैल सकती हैं। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए ताकि श्रद्धालुओं और आम जनता को इस नारकीय जीवन से राहत मिल सके।

**अनदेखी** | गदनपुर बड्डू के लोग करीब पांच महीने से आवागमन की दिक्कत झेल रहे हैं

# पाइप तो पड़े लेकिन भराव न डालने से बढ़ी मुसीबत

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के मकरंदनगर के मोहल्ला गदनपुर बड्डू के लोग करीब पांच महीने से आवागमन की दिक्कत झेल रहे हैं। ऊपर से अमृत 2.0 के तहत पानी की पाइपलाइन पड़ने के चलते सड़क और दुर्गति को प्राप्त हो गई है। स्थिति यह है कि वाहन से क्या पैदल चलना तक मुश्किल हो रहा है। हालांकि इस संबंध में सहायक अभियंता ने दो दिन में सड़क को चलने लायक कराने तथा 15-20 दिन में स्थायी समाधान की बात कही है।


मकरंदनगर के गदनपुरबड्डू में पाइपलाइन डाले जाने के बाद मुख्य मार्ग का हाल।

- सहायक अभियंता बोले, दो दिन में चलने लायक करा दी जाएगी सड़क

बता दें कि बीते वर्ष अमृत 2.0 के तहत शहर में पानी की पाइप लाइन डालने का काम शुरू हुआ था। इस क्रम में मोहल्ले में भी काम शुरू कराया गया। रातों रात सीमेंटेड के अलावा नगरपालिका की ओर से नव निर्मित इंटरलॉकिंग रोड तक खोद दी गई। परिणाम स्वरूप दिक्कत का सामना करना पड़ा। इसके बाद इसे पूर्ववत न किए जाने से आवागमन की समस्या बदस्तूर जारी है। इधर, महीने भर से ज्यादा समय तक काम बंद रहा। इससे पहले एक तरफ की पाइप लाइन डाल दी गई थी और दूसरी तरफ डाली जानी थी। फिर करीब 10 दिन पहले अचानक दोबारा काम शुरू कर दिया गया। इसमें रही सही कसर भी पूरी हो गई। सड़क को खोदकर एक और पाइपलाइन डाल दी गई। इस दौरान लगातार पैदल और वाहन से निकलना दुश्वार रहा। और तो और दो बार तो सप्लाई लाइन कट जाने से पानी की आपूर्ति भी कई घंटों के लिए ठप रही जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अब दो दिन पहले दूसरी लेन की पाइप लाइन का काम पूरा कर लिया गया लेकिन दिक्कत और बढ़ गई। क्योंकि खोदी गई जगह में पर्याप्त भराव नहीं डाला गया और इससे कुछ दिन पहले बारिश भी हो गई। बारिश से मिट्टी और बैठ गई। अब स्थिति यह है एक तरफ जहां लाइन डाली गई है वहां कहीं-कहीं एक से डेढ़ फीट तक के गड्ढे हैं जिससे वाहनों के निकलने में हादसे का खतरा बना हुआ है।

इस संबंध में परियोजना के सहायक अभियंता विपुल ओमरे ने बताया कि आगामी दो दिनों में सड़क को चलने लायक करा दिया जाएगा। इसके बाद 15-20 दिन के भीतर समस्या का स्थायी समाधान करा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले परियोजना को अगस्त तक पूरा किया जाना था लेकिन लेबर की कमी से काम रुक गया। इससे इसे अब दिसंबर 2026 तक पूरा कराया जाएगा।

NARAINA MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL KANPUR
नारायना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
गंगागंज पनकी, कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
फ्री हेल्थ चेकअप कैंप
दिनांक: 01 मई से 31 मई 2026 तक
स्थानः नारायना हॉस्पिटल परिसर समयः OPD प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक
ऑपरेशन निःशुल्क | सिर्फ दवा और जांचों का शुल्क देय होगा अन्य कोई शुल्क नहीं
प्रशिक्षित टीम | अत्याधुनिक उपकरण एवं सुविधाएं | तुरंत जांच एवं इलाज | रोगी की सुरक्षा और देखभाल सर्वोपरि
जनरल सर्जरी विभाग
आधुनिक तकनीक से सुरक्षित एवं सफल सर्जरी की सुविधा
नारायना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के जनरल सर्जरी विभाग में अनुभवी एवं कुशल सर्जनों की टीम द्वारा सभी प्रकार की सर्जरी उन्नत तकनीकों के साथ की जाती है।

24 HOUR SERVICE आपात स्थिति में तुरंत संपर्क करें आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।
उपलब्ध सुविधाएं:
- पेट, आंत, अपेंडिक्स, हर्निया, पित्ताशय आदि रोगों की सर्जरी
- लैप्रोस्कोपिक (दूरबीन) एवं ओपन सर्जरी दोनों की सुविधा
- कम दर्द, कम समय में स्वस्थ होने का लाभ
- आधुनिक उपकरण एवं प्रशिक्षित स्टाफ
हम जिन सर्जरी का सफलतापूर्वक उपचार करते हैं
- पेट एवं आंत की सर्जरी
- पित्ताशय (गॉल ब्लैडर) की सर्जरी
- अपेंडिक्स की सर्जरी
- हर्निया की सर्जरी
एवं अन्य सभी प्रकार की जनरल सर्जरी
समय पर जांच और उचित उपचार से गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।
किसी भी प्रकार की सर्जिकल समस्या होने पर हमारे विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लें।
सम्पर्क करें: 7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com | Email: nhrc@narainagroup.net

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी का कार से अपहरण, पांच पर मुकदमा दर्ज

**अमृतपुर।** अमृतपुर थाना क्षेत्र से एक किशोरी को जबरन कार में ले जाने का आरोप है। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने पांच नामजद सहित अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अमृतपुर थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, शिकायतकर्ता मां ने बताया कि पति की मृत्यु के बाद वह अपनी नाबालिग बेटी के साथ मायके में रह रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 8 मई को तीन नामजद और दो अज्ञात व्यक्ति उनके बीमार पिता से मिलने आए थे। वापसी के दौरान, सभी ने मिलकर किशोरी को जबरन कार में बैठाया और उसे लेकर चले गए। यह पूरी घटना शिकायतकर्ता, उनके पिता और अन्य परिजनों ने देखी। परिजनों ने किशोरी की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इस मामले की सूचना डायल 112 पर भी दी गई थी। पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर, अमृतपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक राहुल सिंह को सौंपी गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है और किशोरी को बरामद करने के प्रयास जारी हैं। उपनिरीक्षक राहुल सिंह ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

### डीसीएम को ट्रक ने मारी टक्कर

**अमृतपुर** ।राजेपुर थाना क्षेत्र के इटावा-बरेली हाईवे पर डबरी गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी डीसीएम को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में डीसीएम का परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, डीसीएम सड़क किनारे खड़ी थी और उसका परिचालक मंगल वाहन के पास मौजूद था। तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने डीसीएम में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि डीसीएम सड़क किनारे खाई में पलट गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, हालांकि किसी बड़े नुकसान से बचा जा सका। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। राजेपुर थाना अध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में तहरीर मिलने पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### परिक्रमा मार्ग को लेकर निकाली यात्रा का स्वागत

**गुरसहायगंज।** ब्रज क्षेत्र की धार्मिक परंपराओं और 84 कोसी परिक्रमा मार्ग की पवित्रता को बनाए रखने को लेकर शुरू हुई पदयात्रा का सोमवार को कस्बा के हाईवे पर स्वागत किया गया। वृंदावन से चली इस यात्रा का नेतृत्व सनातन धर्म प्रचारक बवंडर बाबा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य गोवर्धन पर्वत परिक्रमा क्षेत्र के 10 किलोमीटर दायरे में मांस, मदिरा और अंडा पर रोक लगवाना है। इन चीजों पर प्रतिबंध लगने से ही धार्मिक स्थल की पवित्रता बरकरार रहेगी। ब्रज के धार्मिक स्थल मादक पदार्थ की बिक्री की वजह से प्रभावित हो रहे हैं। 1 मई से शुरू हुई पदयात्रा 18 मई को लखनऊ पहुंचेगी और इस संबंध में मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन दिया जाएगा।

### सोमनाथ अमृत महोत्सव में निकाली भव्य कलश यात्रा

**कन्नौज।** सोमनाथ अमृत महोत्सव के अंतर्गत मां अन्नपूर्णा मंदिर से दौलेश्वर मंदिर तक महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, उपजिलाधिकारी तिर्वा राजेश कुमार, डीसी एनआरएलएम राजकुमार लोधी सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में निकाली गई कलश यात्रा मां अन्नपूर्णा मंदिर से प्रारंभ होकर दौलेश्वर मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न हुई।

### कल से सात केंद्रों पर डीएलएड की परीक्षाएं शुरू

**कन्नौज।** डीएलएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 से 15 मई तक होंगी। चतुर्थ सेमेस्टर के इम्तिहान 18 से 20 मई तक चलेंगे। परीक्षा के लिए शहर के एसबीएस इंटर कॉलेज, केके इंटर कॉलेज, केकेसीएन इंटर कॉलेज, मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज, गोमती देवी बालिका इंटर कॉलेज, जेपी बालिका इंटर कॉलेज व सुशीला देवी बालिका इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है।

# 14 नामजद व 30 से अधिक अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

## पुलिस टीम पर हमले, लूटपाट और सरकारी संपत्ति नुकसान मामले में लगातार दबिश

**चाचूपुर कांड**

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम चाचूपुर जटपुरा में 9 मई को हुए बवाल के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह सख्त हो गया है। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देश पर उपद्रवियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर कई नामजद आरोपियों समेत दर्जनों अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया है।



पुलिस अभिरक्षा में आरोपी। अमृत विचार

पहला मुकदमा शराब ठेका प्रबंधक कुलदीप की तहरीर पर दर्ज किया गया, जिसमें कामेश, सुधीर, शिवरतन और ब्रजेश उर्फ भोला सहित अन्य अज्ञात लोगों को नामजद किया गया है। आरोप है कि उपद्रवियों ने शराब की दुकान में घुसकर गोलक में रखे करीब 10 हजार रुपये और सीसीटीवी डीवीआर लूट ली। इसके साथ ही सेल्समैन पर जानलेवा हमला करते हुए दुकान में आग लगाने का प्रयास किया।

वहीं दूसरा मुकदमा थाना राजेपुर के उप निरीक्षक महेश कुमार की ओर से दर्ज कराया गया है। इस मुकदमे में कामेश, सुधीर, शिवरतन, कश्मीर, ब्रजेश उर्फ भोला, राजा, रजनीश, देशराज, विकास, ननकु, सत्यपाल, शिवम, गुड्डी देवी और सरोजनी समेत 14 लोगों को नामजद किया गया है, जबकि 25 से 30 अज्ञात महिला और पुरुषों को भी आरोपी बनाया गया है। दर्ज मुकदमों में बलवा, पुलिस टीम पर जानलेवा हमला, सरकारी कार्य में बाधा, राजकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और सेवन क्रिमिनल लॉ एक्ट समेत कई गंभीर धाराएं लगाई गई हैं। बवाल के दौरान पुलिस पर हुए पथराव और हमले को प्रशासन ने बेहद गंभीरता से लिया है। एसपी आरती सिंह ने साफ निर्देश दिए हैं कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार ने बताया कि गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। पुलिस प्रशासन की सख्ती के चलते गांव में फिलहाल शांति व्यवस्था कायम है।

# मातृ दिवस मां के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर : डॉ. मिथलेश अग्रवाल

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** कायमगंज में सीपी विद्या निकेतन में मातृदिवस के अवसर पर एक भव्य एवं भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रीता गंगवार पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कायमगंज उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मां जीवन की प्रथम गुरु होती है, जिसके संस्कार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य दीपक जैना ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का अभिनंदन किया तथा मातृशक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि सरस्वती वर्मा ने अपने प्रेरणादायी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मां का प्रेम, त्याग और स्नेह मानव जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को सदैव माता-पिता का सम्मान करने का संदेश दिया।



दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करतीं डॉ .मिथलेश अग्रवाल साथ में अन्य।

- सीपी विद्या निकेतन में मातृ दिवस के अवसर पर कार्यक्रम हुआ

विद्यालय की निर्देशिका डॉ. मिथलेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि मातृदिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि मां के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है।

उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छे संस्कार अपनाने एवं परिवार के प्रति अपने दायित्व निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय ने कुछ सफल छात्रों की माताओं का भी सम्मान किया, इसमें सुबूर खान (आईएएस), अभिषेक यादव (आईपीएस), मनु अग्निहोत्री, आयुषी अग्रवाल (सी.ए.) एवं मुस्कान गंगवार (पुलिस उप निरीक्षक) की माता जी का विद्यालय ने सम्मान किया। प्रधानाचार्य आर. के. बाजपेई ने अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

# घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग में दो पर कार्रवाई

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिला पूर्ति अधिकारी की मौजूदगी में पूर्ति निरीक्षक और नगर पालिका परिषद की टीम ने शहर क्षेत्र में छापेमारी कर दो प्रतिष्ठानों पर अनियमितताएं पकड़ीं। संबंधित दुकानदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

पहली कार्रवाई शहर के गोलाई स्ट्रीट के निकट स्थित समोसा दुकान पर की गई। निरीक्षण के दौरान दुकान के अंदर दो घरेलू सिलेंडरों को पाइप से जोड़कर समोसा बनाए जाते मिले। दुकान के बाहर कमरे में तीन घरेलू और दो व्यावसायिक सिलेंडर भी पाए गए, जिनमें दो व्यावसायिक सिलेंडर भरे हुए थे। जांच में सामने आया कि घरेलू गैस कनेक्शन की पासबुक के जरिए बुकिंग कर सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। इस मामले में दुकान संचालक कृष्ण मुरारी गुप्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

दूसरी कार्रवाई लाल मिठाई भंडार पर की गई, जहां निरीक्षण के दौरान पांच घरेलू सिलेंडर मिले। मौके पर घरेलू सिलेंडरों से मिठाई बनाने का कार्य चलता मिला। जांच टीम ने सभी सिलेंडर जब्त कर जितेंद्र गैस सर्विस की सुपुर्दगी में दे दिए। मामले में दुकान संचालक के खिलाफ भी आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत थाना कादरीगेट में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिला पूर्ति अधिकारी सुरेंद्र यादव ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पूरी तरह अवैध है और ऐसे मामलों में आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# मेधावी छात्रों की माताओं और शिक्षकों को किया गया पुरस्कृत

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** नगर के कंम्पिल मार्ग पर स्थित पट्टियों में किरन पब्लिक स्कूल में 'मातृ दिवस' का आयोजन मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक डॉ वीरेंद्र गंगवार मैनेजर कल्पना गंगवार एवं प्रधानाचार्या राधिका नायर द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

विद्यालय की छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं नृत्य प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का मन मोह लिया। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के गीत और कविताओं की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में समां बांध दिया। विशेष आकर्षण के रूप में मुख्य कार्यालय सहायिका फराह खान एवं शिक्षक



कार्यक्रम में सम्मानित महिलाएं। अमृत विचार

शाहरुख अली खान द्वारा मातृ दिवस पर विशेष शायरियां सुनाई जिसकी सभी ने प्रशंसा की। गत वर्ष अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों की माताओं को उनके अतुलनीय योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। साथ ही माताओं के लिए आयोजित रैंप वॉक, गायन और खेल प्रतियोगिताओं की विजेताओं को मैनेजर कल्पना गंगवार ने पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की उन शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया जो घर, परिवार और स्कूल दोनों मोर्चों पर अपनी जिम्मेदारियों को कुशलतापूर्वक निभा रही हैं। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व दिलाने की मांग हुई तेज

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मंत्रिमंडल विस्तार के बाद जिले को प्रतिनिधित्व न मिलने का मुद्दा लगातार गरमा रहा है। अब करणी सेना ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर फर्रुखाबाद से क्षत्रिय और ब्राह्मण समाज के नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की मांग उठाई है।

करणी सेना के जिला अध्यक्ष डॉ. मोहन सिंह की ओर से भेजे गए पत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया गया है कि भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर और भाजपा नेता मेजर सुनील दत्त द्विवेदी को मंत्रिमंडल में स्थान दिया जाए। पत्र में कहा गया है कि फर्रुखाबाद की जनता लंबे समय से जिले को मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व मिलने की उम्मीद लगाए बैठी थी, लेकिन हालिया विस्तार में जनपद को जगह न मिलने से समर्थकों में निराशा है। करणी सेना ने दावा किया कि नागेंद्र सिंह राठौर क्षत्रिय समाज के लोकप्रिय चेहरे हैं, जबकि मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ब्राह्मण समाज और भाजपा संगठन में मजबूत पकड़ रखते हैं।

पत्र में मुख्यमंत्री से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए दोनों नेताओं को मंत्री परिषद में शामिल करने की मांग की गई है। संगठन का कहना है कि इससे फर्रुखाबाद को राजनीतिक मजबूती मिलेगी और जिले की उपेक्षा खत्म होगी। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद फर्रुखाबाद में लगातार राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। जिले के कई सामाजिक और राजनीतिक संगठनों का मानना है कि भाजपा को यहां के जातीय और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए प्रतिनिधित्व देना चाहिए था।

# विज्ञान प्रदर्शनी में कौशिकी रहीं अव्वल, हाशिम दूसरे स्थान पर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मेरा युवा भारत की ओर से गुरसहायगंज के एक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। प्रतियोगिता में कौशिकी ने प्रथम स्थान, हाशिम ने द्वितीय तथा कामरान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को मोमेंटो, प्रमाण पत्र एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की प्रेरणादायी पुस्तक विंग ऑफ फायर देकर सम्मानित किया गया।

छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के विभिन्न विषयों पर आकर्षक एवं नवाचारी मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से वाटर रीसाइक्लिंग सिस्टम, स्मार्ट पार्किंग मॉडल, वाटर फिल्ट्रेशन तकनीक, सोलर पैनल ऊर्जा संरक्षण मॉडल, पर्यावरण संरक्षण आधारित वैज्ञानिक अवधारणाएं



विज्ञान प्रदर्शनी में विजेता छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित। अमृत विचार

एवं दैनिक जीवन में विज्ञान के उपयोग से संबंधित अनेक मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। संस्थान निदेशक अरुण त्रिपाठी ने कहा कि आने वाला भविष्य उन्हीं युवाओं का होगा जो नवाचार एवं वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने युवाओं को कहा कि विज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह जीवन की प्रत्येक समस्या का समाधान खोजने का माध्यम है। जिला युवा अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों एवं आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस , डिजिटल तकनीक, रोबोटिक्स एवं आधुनिक विज्ञान में हो रहे तीव्र परिवर्तनों की जानकारी दी। इस मौके पर कई लोग रहे।

### जनगणना में काफी दूर ड्यूटी लगाने से शिक्षक परेशान

**गुरसहायगंज।** जनगणना में तैनाती स्थल से काफी दूर टीचरों की ड्यूटी लगाने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है।

7 मई से शुरू हुई जनगणना में ब्लाक तालग्राम के कई टीचरों को उनके तैनाती स्थल से कई किलोमीटर दूर ड्यूटी पर लगाया गया है। अधिकारियों को पत्र भेज कर इसमें संशोधन की बात कही लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ तालग्राम के ब्लॉक अध्यक्ष जियाउल हसन ने बताया कि ग्राम पनगवां में तैनात सहायक टीचर संजू देवी यादव की ड्यूटी नादरा हवलिया उमर्दा में लगाई गई है जो उनके तैनाती स्थल से काफी दूर है। वही मायापुर्वा में तैनात टीचर राजवर्धन सिंह को ग्राम कटकैया में जनगणना कार्य में लगाया गया है जिससे परेशानी हो रही है।

# 'शिक्षा की कमी के कारण वाल्मीकि समाज पीछे'

संवाददाता गुरसहायगंज( कन्नौज)

**अमृत विचार।** बाल्मिकी समाज के लोगों को राजनीति में उचित भागीदारी मिलनी चाहिए। इसके लिए समाज में एकजुटता लाना जरूरी है। विधानसभा चुनाव में कम से कम 20 टिकट समाज के लोगों को मिलना चाहिए।

सोमवार की शाम कस्बा के मोहल्ला रामगंज स्थित नगर पालिका पहुंचे एससी एसटी आयोग के सदस्य रमेश चंद कुंडे ने कहा कि समाज में एकजुटता ना होने के कारण उन्हें अच्छी राजनीतिक भागीदारी नहीं मिल पा रही है। शिक्षा के अभाव के कारण हमारा समाज काफी पीछे है।

मौजूद समाज के लोगों से आह्वान किया है कि वह लोग अपनी ताकत दिखाएं। इस दौरान राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष

- एससी एसटी आयोग के सदस्य पहुंचे पालिका
- सफाई कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष ने दिया ज्ञापन

राजा वाल्मीकि, राकेश वाल्मीकि, संजय वाल्मीकि, शिवा, नरेश आदि ने आयोग के सदस्य को एक ज्ञापन दिया है।

जिसमें उन्होंने मांग की है कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का साप्ताहिक अवकाश जो शासन से मंजूर है बिना वेतन कटौती के नगर पालिका से कराया जाए। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का ईपीएफ खाते में जमा कराया जाए। काम की अधिकता को देखते हुए 10 नए कर्मचारियों को भर्ती किया जाए। न्यूनतम वेतन 18 से 20 हजार रुपये जो शासन ने मंजूर किया है दिलाया जाए।

### मिट्टी के 120 नमूनों की हुई जांच

**सौरिख।** जनपद के नगला सहोरा, सौरिख में इफ्को राज्य कार्यालय से आई सचल मृदा परीक्षण टीम ने दो दिवसीय अभियान चलाया। इस दौरान कुल 120 मृदा नमूनों की जांच की गई।

किसानों को बताया गया कि मृदा परीक्षण के माध्यम से मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी का पता लगाकर संतुलित उर्वरकों का प्रयोग किया जा सकता है। रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग को कम कर नैनो उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी गई। क्षेत्र प्रबंधक मानवेंद्र सिंह ने किसानों को नैनो उर्वरकों के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। धान की आगामी फसल के लिए नैनो डीएपी एवं जैविक कंसोर्टिया का 10-10 मिली प्रति लीटर पानी की दर से घोल तैयार कर धान की पौध का 25 से 30 मिनट तक जड़ उपचार करने की विधि बताई। इस दौरान शिव नारायण कुमार, हसरत अली, वीरेंद्र ठाकुर आदि लोग रहे।

**परेशानी** | किसानों का आरोप है कि कई दिन से चक्कर लगा रहे हैं लेकिन खाद नहीं मिल रही है

# खाद न मिलने से नाराज किसानों ने सचिव का किया घेराव

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** खाद न मिलने से नाराज किसानों ने सचिव का घेराव किया। सचिव से जमकर नोकझोंक हुई। किसानों का आरोप है कि कई दिन से चक्कर लगा रहे हैं लेकिन खाद नहीं मिल रही है।

खेत में तैयार खड़ी मक्का की फसल के लिए किसानों को यूरिया खाद की आवश्यकता है। इसके लिए वह मोहल्ला रामगंज स्थित सहकारी क्रय विक्रय केंद्र और किसान सेवा सहकारी समिति दक्षिणी के चक्कर लगा रहे हैं। सोमवार को भी तमाम किसान पहुंचे तो विक्रय केंद्र पर ईपास मशीन में सर्वर ना आने से उन्हें खाद नहीं



खाद के लिए सचिव को घेरे खड़े लोग । अमृत विचार

मिल सकी। इससे नाराज किसानों ने सचिव का घेराव किया। ग्राम पलटे पुरवा के किसान सत्येंद्र, प्रताप सिंह असौलिया के कौशल, कटकैया के लाल बहादुर, नंगा पुरवा के नीरज कुशवाहा, डिलियाभूड के रामकुमार, इस्माइलपुर के जैनुल आबदीन ने बताया कि वह लोग

- सचिव ने मशीन में सर्वर ना आने की बात कही
- खेत में तैयार खड़ी मक्का की फसल के लिए यूरिया जरूरी

केंद्र के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन खाद नहीं मिल रही है। सोमवार को भी सुबह से बैठे हैं लेकिन खाद नहीं मिली है। वही केंद्र के सचिव रामनरेश द्विवेदी ने बताया कि ईपास मशीन में नेटवर्क नहीं आ रहे हैं जिससे खाद का वितरण नहीं हो पा रहा है।

खाद का भरपूर स्टॉक है। वहीं इसके पास स्थित किसान सेवा सहकारी समिति में किसानों को एक हेक्टेयर पर दो बोरी यूरिया की खाद देने के आदेश से परेशानी हो रही है। किसानों ने बताया कि फार्मर आईडी न होने के कारण उन्हें खाद नहीं मिल रही है। यहां के सचिव गीतेश मोहन द्विवेदी ने बताया कि उन्हें सिर्फ 10 से 15 बोरी खाद बांटने का आदेश है। इस संबंध में जब अपर सहायक निबंधक अधिकारी मनीष गौड़ से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि एक हेक्टेयर पर दो बोरी यूरिया खाद दी जा रही है लेकिन सभी किसानों को दी जा रही है। फॉर्मर आईडी किसान अवश्य बनवा ले जिससे उन्हें किसान सम्मान निधि और अन्य सरकारी सुविधा मिल सकें। उन्होंने सचिव को नियमित खाद वितरित करने के निर्देश दिए हैं।

# लिंक एक्सप्रेसवे भूमि अधिग्रहण के खिलाफ भाकियू करेगा प्रदर्शन

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** प्रस्तावित लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना को लेकर किसानों के बीच हलचल तेज हो गई है। भूमि अधिग्रहण को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के नेता अजय कटियार ने 15 मई से बड़ा किसान हुंकार आंदोलन करने का ऐलान किया है। इसके लिए उनके नेतृत्व में संगठन गांव-गांव जाकर नुक्कड़ सभाएं कर किसानों को जागरूक करने और जनसमर्थन जुटाने में लगा हुआ है।

सूत्रों के अनुसार भाकियू नेता अजय कटियार लगातार ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं और किसानों को भूमि अधिग्रहण से जुड़े संभावित प्रभावों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। नुक्कड़ सभाओं में किसानों को मुआवजा, जमीन की कीमत, भविष्य की आजीविका और अधिग्रहण प्रक्रिया से जुड़े अधिकारों के बारे में समझाया जा रहा है। भाकियू नेताओं का आरोप है कि एक्सप्रेसवे परियोजना के नाम पर किसानों की उपजाऊ जमीनें ली जा रही हैं, लेकिन अभी तक ग्रामीणों को स्पष्ट जानकारी और भरोसेमंद आश्वासन नहीं दिया गया ।गांवों में हो रही बैठकों में किसानों की अच्छी भागीदारी देखने को मिल रही है। कई ग्रामीणों ने कहा कि जमीन ही उनकी आजीविका का मुख्य साधन है और अधिग्रहण के बाद भविष्य को लेकर अनिश्चितता बढ़ रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में अधेड़ की गई जान

इटावा। बढ़पुरा निवासी कप्तान सिंह रविवार रात कुंडेश्वर मैरिज होम में दावत में शामिल होने गए थे। देर रात घर लौटते समय वे रास्ता भटककर उधनपुरा की ओर पहुंच गए। इसी दौरान पेट्रोल पंप के पास यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि कप्तान सिंह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### डंपर की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

बकेवर। औरैया जनपद ग्राम हिगुटिया निवासी 50वर्षीय किसान छुन्नू दिवाकर सोमवार को स्कूटी से इटावा की ओर जा रहा था। जैसे ही उसकी स्कूटी बकेवर थाना क्षेत्र के आगरा कानपुर नेशनल हाईवे कुड़रिया रजवाह के पास सोमवार को पहुंची उसी समय कानपुर की ओर से तेज गति से आ रहे डंपर ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल किसान को 50शैय्या अस्पताल पहुंचाया। वहां इमरजेंसी के चिकित्सक रवीन्द्र शाहू ने चेकअप करने के बाद किसान छुन्नू को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना परिजनों को होते ही घर में कोहराम मच गया। पुलिस नेअज्ञात डंपर की तलाश शुरू कर दी है।

### कोर्ट के आदेश पर मुकदमा कायम

इटावा। थाना फ्रेंड्स कॉलोनी के बंगाली कॉलोनी निवासी विजय कुमार ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें बताया कि 4 मार्च 2026 की शाम करीब पांच बजे उनका भाई राजा बाबू नुमाइश सर्कस फील्ड में था। इसी दौरान वहां मौजूद अजय, पूड़ी और बादल नामक युवकों ने उसे गालियां देनी शुरू कर दीं। राजा बाबू ने जब इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उस पर लाठी-डंडों से उस पर हमला बोल दिया। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसे जबरन नाली का गंदा पानी पीने पर मजबूर किया। हमले में राजा बाबू के सिर में गंभीर और प्राणघातक चोटें आईं। थानाध्यक्ष केके मिश्रा ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### ससुर ने दामाद की मौत पर रिपोर्ट दर्ज कराई

भरथना। ग्राम जारपुरा निवासी मोतीलाल ने थाना भरथना में दी तहरीर में बताया कि उनका दामाद लाल सिंह निवासी जसवंतनगर 4 मई 2026 की शाम अपनी मोटरसाइकिल से ससुराल जारपुरा, साम्हों से अपने गांव जा रहा था। रात करीब 8 :30 बजे जब वह ग्राम सीहपुर के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही मैक्स पिकअप ने गलत दिशा से आते हुए टक्कर मार दी। हादसे में लाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पीड़ित की तहरीर पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सपा की बैठक संपंन

इटावा। सपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू की अध्यक्षता में सपा जिला कार्यसमिति की बैठक में 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में सिग्रेश यादव, नवनीत पाल, रामनाथ सिंह यादव, रामवीर यादव, नितिन यादव, रोहित श्रीवास्तव, लखन सिंह जाटव, उदयभान सिंह यादव, केपी शाक्य, अनवर हुसैन, उत्तम सिंह प्रजापति, बृजेंद्र यादव, उपदेश मिश्रा, विक्की गुप्ता ,उमेश राजपूत , राजीव चंदेल, मालती यादव, सीमा पाल, सत्यवती यादव, प्रभा यादव रहे।

# बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक की गई जान व दो घायल

## भरथना पाली मार्ग पर हुआ हादसा, एक ही बाइक पर सवार थे तीनों युवक

संवाददाता भरथना इटावा



जांच पड़ताल करती पुलिस व मृतक का फाइल फोटो इनसेट। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** थाना क्षेत्र के भरथना पाली मार्ग पर एक बाइक पर सवार तीन लोगों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना ले जाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

विनोद प्रजापति 50 वर्ष पुत्र सरमन प्रजापति निवासी भरथना अपने साथी मोतीगंज निवासी प्रदीप व गिरधारीपुरा निवासी घनश्याम के साथ बाइक से पाली गांव से भरथना की ओर आ रहे थे। तभी भरथना पाली मार्ग पर पावर हाउस मोड़ के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना भिजवाया वहां पर मौजूद चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद विनोद को मृत घोषित कर दिया। तीनों व्यक्ति एक साथ एक ही बाइक पर सवार होकर पाली खुर्द गांव में बकरी खरीदने के लिए निकले थे। बकरी न मिलने पर तीनों भरथना वापस आ रहे थे। वापस आने के दौरान यह घटना घटित हुई। मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी होते ही परिजन रोते बिलखते अस्पताल पहुंचे। मृतक विनोद प्रजापति पेशे से पल्लेदार था जो मंडी समिति में मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक के तीन बेटे जिनमें राहुल तथा मोहित शादीशुदा है जबकि सूरज अविवाहित है। तीनों बेटे दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते है।

- बकरी खरीदने गये थे युवक न मिलने पर आ रहे थे वापस

मृतक अपनी पत्नी आशा देवी व एक अविवाहित बेटी मोनिका के साथ गांव में रहता था। दुर्घटना का शिकार हुए अन्य दो साथी भी मंडी समिति में काम करने वाले बताए जा रहे है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में चीख पुकार के साथ कोहराम मच गया।

## बसपा का झंडा रौंदने से बसपाइयों में आक्रोश

इटावा। बसपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र जाटव के नेतृत्व में बसपा नेताओं ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर असामाजिक एवं जातिवादी मानसिकता के लोगों द्वारा बसपा का झण्डा उतारकर उसको रौंदने पर रोष व्यक्त करते हुए कार्यवाही की मांग की है। बसपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र जाटव ने प्रार्थना पत्र में कहा है कि थाना बकेवर के कस्बा लखना में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर कुछ असामाजिक एवं जातिवादी मानसिकता के लोगो द्वारा बसपा का झण्डा उतारकर उसको रौंदा गया। उस झंडे में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर, बहुजन नायक कांशीराम, मायावती के चित्र थे इससे हम लोगों की भावनाओं को ठेस पहुची है, जिससे बहुजन समाज में काफी रोष व्याप्त है। उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुये उक्त आराजक तत्वों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने का आदेश पारित करें। इस अवसर पर राघवेंद्र तिवारी, इमरान अहमद, डा. सुरजन सिंह जाटव, राकेश जाटव, सुनील अम्बेडकर आदि मौजूद रहे।

# करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार ।** ग्राम धरवार में पंखे का तार जोड़ते समय मजदूर करंट की चपेट में आ गया। परिजन गंभीर हालत में उसे सीएचसी जसवंतनगर ले गए। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

सोमवार दोपहर करीब 12 बजे ग्राम धरवार निवासी अनिल कुमार 32 वर्ष घर में खराब पंखे का तार जोड़ रहा था। इसी दौरान अचानक वह करंट की चपेट में आ गया। बताया गया कि करंट लगते ही पंखा उनके हाथ से छूटकर सीधे सीने पर गिर पड़ा जिसमें विद्युत प्रवाह हो रहा था। इससे उनकी हालत और गंभीर हो गई। अनिल ने बचाव के लिए शोर मचाया तो परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा किसी तरह बिजली सप्लाई बंद कर उन्हें अलग किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों की मदद से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवंतनगर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। बताया गया है कि अनिल कुमार महाराष्ट्र के पुणे के अहमदनगर स्थित सरिया प्लांट में कार्यरत था और लगभग 15 दिन पूर्व ही गांव आया था मृतक अपने पीछे पत्नी रचना, पुत्र और पुत्री को रोता-बिखलता छोड़ गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

**विद्युत आपूर्ति आज रहेगी बाधितः इटावा।** अवर अभियंता विद्युत उपकेंद्र सुंदरपुर ने उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि आज 12 मई को विद्युत उपकेंद्र सुंदरपुर से पोषित 11केवी फीडर नंबर 6 पर नया फीडर का निर्माण कार्य किए जाने के कारण फीडर नंबर 6 की विद्युत आपूर्ति सुबह 10:30 बजे से 12:30 बजे तक पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

# महिलाओं के मुद्दों पर किसी भी प्रकार की अनदेखी बर्दाश्त नहीं होगी : सरिता

कार्यालय संवाददाता इटावा



सांसद के आवास का घेराव कर प्रदर्शन करते भाजपाई। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** भाजपा महिला मोर्चा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध करने पर इटावा लोकसभा से सपा सांसद जितेंद्र दोहरे के आवास का घेराव कर विरोध प्रदर्शन कर विपक्ष पर महिला विरोधी का आरोप लगाया।

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर महिलाओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, नारी शक्ति का विरोध बंद करो , समाजवादी पार्टी मुर्दाबाद, ''कोंग्रेस मुर्दाबाद, जितेंद्र दोहरे मुर्दाबाद, डिंपल यादव मुर्दाबाद, प्रियंका वाड्रा मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए। महिला पदाधिकारियों के साथ सदर विधायक सरिता भदौरिया ने सांसद आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को राजनीतिक रूप से मजबूत बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठा रही है, लेकिन विपक्ष केवल वोट बैंक की राजनीति के चलते इसका विरोध कर रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने सांसद आवास के बाहर नारेबाजी करते हुए कहा कि जो दल महिलाओं को उनका अधिकार देने के खिलाफ हैं जनता उन्हें माफ नहीं करेगी। कार्यक्रम में रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, सावित्री कठेरिया, पूनम पाण्डेय, विनीता गुप्ता, मधु तोमर, नीतू नारायण मिश्रा, आकांक्षा गुप्ता, पूनम तिवारी, राधा पाल, प्रीति दुबे, सोनी कठेरिया, सोनिया चक, गुड्डी वाजपेयी, नेहा चौहान, तनीषा गुप्ता, सतेंद्र राजपूत, कृपानारायण तिवारी, राजकुमार वर्मा, समीर सक्सेना, रोहित शाक्य, सह-मीडिया प्रभारी अंकित सैनी, जिला संयोजक सोशल मीडिया विमलेश शाक्य सहित महिला मोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

- भाजपा महिला मोर्चा ने सांसद आवास पर किया प्रदर्शन

# मदर्स डे पर हुआ सुपर मॉम का आयोजन

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** सुदिति ग्लोबल एकेडमी में मदर्स डे के उपलक्ष्य में सुपर मॉम कार्यक्रम का भावनात्मक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं अभिभावकों में खेल-खेल के माध्यम से शैक्षिक अभिरुचि, नैतिक मूल्यों तथा पारिवारिक जुड़ाव को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक सतीश कुमार एवं प्रधानाचार्य कमल कुमार द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मालती देवी तथा गर्ल्स विंग निदेशक डॉ. निधि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के प्रारंभ में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अतिथियों एवं माताओं का तिलक एवं पुष्प भेंट कर स्वागत किया। इसके पश्चात नर्सरी से यूकेजी तक के छात्र-छात्राओं की माताओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल एवं रोचक प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की दैनिक दिनचर्या, उनके प्रति माताओं की जिम्मेदारियों एवं कार्यशैली पर भी सार्थक चर्चा हुई। नर्सरी वर्ग की माताओं के लिए अपना बच्चा पहचानो तथा मॉम एंड किड रेस, एलकेजी छात्र/छात्राओं की माताओं के लिए पेपर फोल्ड, शार्प द पेन्सिल डस्ट एवं बलून चैलेंज जैसे खेल आयोजित किए गए। यूकेजी वर्ग की माताओं ने भी विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

- सुदिति ग्लोबल एकेडमी में हुआ कार्यक्रम, महिलाओं को दिये गये उपहार

सभी प्रतिभागियों ने विद्यालय की गतिविधियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन किंडरगार्टन विंग की एचएम कंचन सक्सेना एवं किंडरगार्टन की समस्त शिक्षिकाओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कमल कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों एवं अभिभावकों के बीच भावनात्मक संबंधों को मजबूत करने के साथ-साथ उनमें शैक्षिक एवं नैतिक जागरूकता उत्पन्न करते हैं।





कार्यक्रम में मौजूद सुदिति ग्लोबल एकेडमी की शिक्षिकायें। अमृत विचार

### जायन्ट्स सहेली ने मनाया मदर्स डे

इटावा। जायन्ट्स ग्रुप आफ इटावा सहेली के सदस्यों ने मालती दीक्षित के आवास पर मदर्स डे का आयोजन किया, जहां उनकी सास का तिलक वंदन कर एवं पटका पहनाकर तथा उपहार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उर्वशी दीक्षित ने बताया कि मदर्स डे मां के सम्मान उनके प्यार और उनके त्याग को धन्यवाद कहने के लिए मनाया जाता है। कोऑर्डिनेटर क्षमा दीक्षित ने बताया कि मां हमारे जीवन की पहली शिक्षक होती हैं। हम बोलना, चलना, अच्छे संस्कार और प्यार करना सबसे पहले मां से ही सीखते हैं। इस अवसर पर संगीता अग्रवाल, अध्यक्ष विमल शर्मा, डीओए हेनू वर्मा, मीनाक्षी सक्सेना, कमलेश शर्मा, कल्पना वशिष्ठ, मालती दीक्षित, खुशबू पाठक, निशा गुप्ता, अलका अग्रवाल, अनीता गोयल, प्रज्ञा, गुरु प्रेम प्यारी जादौन, मुक्ता अग्रवाल, रचना महेश्वरी, शिवानी तिवारी आदि मौजूद रहीं।

# आठवें इमाम अली रिजा की शहादत पर हुई मजलिस

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** आठवें इमाम अली रिज़ा अलैहिस्सलाम की शहादत पर बाद नमाज़े मगरिबैन मस्जिद पंजतनी घटिया अज़मत अली में मजलिस का आयोजन किया गया।

मजलिस में तकरीर करते हुए मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने कहा इमाम अली रिज़ा को मशहद ईरान के जालिम बादशाह ने साजिश के तहत मदीने से बुलाकर पहले गवर्नर बनाया। इमाम अली रिज़ा ने मशहद में परेशान लोगों की समस्याओं का समाधान किया तो साजिश के तहत अंगूर और अनार में जहर देकर इमाम को शहीद कर दिया। इमाम अली रिज़ा फरमाते हैं कि अगर जन्नत में मेरे साथ रहना है तो हमारे गम में गम मनाओ और हमारी खुशी में खुशी मनाओ। अल्लाह का शुक्र अदा करो। इमाम अली रिज़ा हमेशा वक्त पर नमाज पढ़ते थे और कुरान की तिलावत करते थे। आठवें इमाम का रौज़ा आज मशहद ईरान में जगमगा रहा है जहां लाखों लोग उनकी जियारत करने आते हैं और इमाम से जो मांगते हैं इमाम उन्हें अता करते हैं।

मजलिस में अश्शू रिज़वी ने कलाम पेश किये। मजलिस में अल्हाज कमर अब्बास नक़वी करबलाई, हाजी अरशद मरगूब, सलीम रज़ा, शावेज़ नक़वी, तनवीर हसन, मो. अब्बास, समर अब्बास, हसन अब्बास, तहसीन रज़ा, दबीरुल हसन, इबाद रिज़वी, अली साबिर, अख्तर अब्बास रिज़वी, अयाज हुसैन, आतिफ एड., सफीर हैदर, ताबिश रिज़वी, राहिल, हम्माद, सोनू नक़वी, शादाब नक़वी आदि ने प्रमुख रूप से भाग लिया।

# भविप : हरिदत्त अध्यक्ष और महेश बने सचिव

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** भारत विकास परिषद के पंचाल प्रांत की प्रांतीय कार्यशाला धर्मार्थ सेवा शाखा इटावा के आतिथ्य में राहतपुर स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई।

पांच सत्रों में आयोजित की गई कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण करके वंदे मातरम् गीत के साथ हुआ। पांचाल प्रांत के अध्यक्ष डॉ. आर एन दुबे ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय अतिरिक्त महामंत्री मुकेश जैन ने कहा कि ये कार्यशालाएं इसलिए लगाई जाती हैं ताकि इससे जुड़ने वाले सदस्य इसके बारे में भली भांति अवगत रहें । क्षेत्रीय अध्यक्ष भारत भूषण जुनेजा ने कहा कि सेवा भी संस्कारयुक्त होनी चाहिए । राष्ट्रीय गतिविधि सेवा सदस्य आर. के. गुप्ता, संस्कार गतिविधि के संजय दुआ, संपर्क गतिविधि संयोजक नरेश श्रीवास्तव, पर्यावरण गतिविधि प्रभारी डा. रमेश चंद्र शुक्ला, अनीता पाठक ने विचार रखे। कार्यशाला के उपरांत धर्मार्थ सेवा शाखा की नव निर्वाचित कार्यकारिणी एवं नई सदस्यता लेने वालों का शपथ ग्रहण भी हुआ, जिसमें हरिदत्त दीक्षित अध्यक्ष, महेश कुमार बाथम सचिव, सीबी मिश्रा कोषाध्यक्ष के अलावा गतिविधि संयोजकों के रूप में अवधेश सविता, जगदीश सिंह यादव, डा. जेके तिवारी, रवि शंकर चौधरी, रवि कृष्ण तिवारी, सुधीर मिश्र तथा नवीन सदस्यता लेने वालों में किरन भदौरिया, नीलम सक्सेना, अरुण कुमार दुबे ने शपथ ग्रहण की।





अतिथियों को सम्मानित करते आयोजक। अमृत विचार

- भारत विकास परिषद के पंचाल प्रांत की प्रांतीय कार्यशाला संपंन

# मजदूर ने कलेक्ट्रेट में किया जान देने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** प्रधान पुत्र की धमकी से परेशान होकर मजदूर ने कलक्ट्रेट में सोमवार को जहरीला पदार्थ पीकर जान देने का प्रयास किया। सुरक्षा कर्मियों की तत्परता से उसकी जान बच गई। उच्चाधिकारियों के आदेश पर पीड़ित को कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

ग्राम किल्ली सुल्तानपुर निवासी रविंद्र कुमार ने डीएम को प्रार्थना पत्र दिया। इसमें बताया कि वह मजदूरी कर परिवार पालता है। ग्राम प्रधान ने रंजिश के चलते उसका राशन कार्ड कटवा दिया। रविंद्र ने जब इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की तो आरोपी भड़क गए। बीते 13 अप्रैल को आरोपियों ने रविंद्र के साथ मारपीट की और शिकायत वापस न लेने पर उसे गांव छोड़ने या जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित रविंद्र के अनुसार उसने इस मामले की लिखित शिकायत थाना बसरेहर और एसएसपी से भी की थी लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की। पुलिस की इसी निष्क्रियता के चलते आरोपी लगातार उसे प्रताड़ित कर रहे थे । खौफ के कारण वह मजदूरी करने भी बाहर नहीं निकल पा रहा था, जिससे घर में रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया था। सोमवार दोपहर मजदूर रविंद्र ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। सिविल लाइंस पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित को थाने ले जाकर पूरे मामले की जानकारी ली। सीओ सिटी ने पीड़ित को निष्पक्ष जांच और न्याय का भरोसा दिलाते हुए प्रकरण की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है।

**अनदेखी** | ग्रामीणों ने कहा, यदि जल्द सुनवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को होंगे मजबूर

# हादसों को दावत दे रहा बदहाल मार्ग

संवाददाता महेवा इटावा



बदहाल मेंहदीपुर रामनगर जाने वाला मुख्य मार्ग। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** विकासखंड महेवा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मेंहदीपुर से रामनगर जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह बदहाल होकर ग्रामीणों के लिए खतरे का कारण बन गया है। सड़क जगह-जगह से उखड़ चुकी है और बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई है। हालात इतने खराब हैं कि आए दिन राहगीर बाइक से गिरकर चोटिल हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की नींद अब तक नहीं टूटी है।

ग्रामीणों का आरोप है कि इस जर्जर सड़क की शिकायत जिला स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर तक कई बार की जा चुकी है, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। वहीं ग्रामीण जीतू बघेल ने बताया कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई गई है, इसके बावजूद अब तक किसी अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर सड़क की स्थिति देखने तक की जहमत नहीं उठाई।

ग्राम प्रधान संजू देवी ने बताया कि उक्त सड़क का निर्माण पीडब्ल्यूडी द्वारा कराया गया था कई बार वह अपने स्तर से संबंधित विभाग को तथा ब्लॉक एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को सही कराने के लिए लिख चुकी हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई बिना विभागीय एन ओ सी के ग्राम पंचायत द्वारा कार्य कराया जाना संभव नहीं है।

बरसात और तेज धूप के कारण सड़क पूरी तरह टूट चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग रामनगर गांव को जोड़ता है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों लोग आवागमन करते हैं। स्कूली बच्चे, किसान और मरीज इसी रास्ते से गुजरने को मजबूर हैं। सड़क की बदहाली के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

ग्रामीण मनोज, नीलेश, करन सिंह, जीतू बघेल, बुद्धसेन, परशुराम राजपूत, अमनप्रीत, प्रेमचंद पाल, विजय सिंह, मदन राजपूत, लाले राजपूत, आनन्द दोहरे, निर्भय सिंह सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से तत्काल सड़क निर्माण कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुनवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# मुलायम के करीबी महावीर को किया याद

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार ।** सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव और क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव के करीबी और क्षेत्रीय राजनीति के स्तंभ रहे महावीर सिंह यादव की तृतीय पुण्यतिथि पर सोमवार को उनके पैतृक गांव फतेहपुरा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान तमाम लोग श्रद्धांजलि सभा में मौजूद रहे।

विधायक प्रतिनिधि विश्वनाथ प्रताप सिंह व आशुतोष यादव टोनू ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में मौजूद सपा नेताओं, क्षेत्रीय लोगों व उनके शुभचिंतकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। अपने संबोधन अनुज मोंटी यादव ने कहा कि महावीर सिंह यादव सात्विक विचारधारा के धनी थे। जनता के प्रति लगाव के कारण ही आज उनकी तृतीय पुण्यतिथि पर इतनी बड़ी संख्या में उनके शुभचिंतक श्रद्धांजलि देने इकट्ठे हुए हैं। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाजवादी विचारधारा व स्व. नेता जी के हाथों को मजबूत करने में लगा दिया। समय के कुचक्र ने आज ही के दिन असमय ही एक सड़क दुर्घटना में उनको हम लोगों से छीन लिया। उन्होंने वर्ष 1982 में ग्राम पंचायत धनुआ के प्रधान बनने के बाद लगातार जनता के हित में कार्य किए। श्रद्धांजलि सभा में रघुवीर सिंह यादव, राजपाल यादव , बृजेश यादव, रणवीर सिंह यादव, अभिषेक यादव, संतोष यादव,अशोक यादव, उपदेश यादव, रामनरेश, रनवेश यादव, लविश यादव, हनी यादव, इं. बृजेश यादव, रामौतार प्रधान, बॉबी यादव आदि मौजूद रहे। अंत में दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।



श्रद्धांजलि सभा में स्व. महावीर सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा नेता।

### सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग घायल

इटावा। जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। थाना चकरनगर में बाइक की टक्कर लगने से विनोद घायल हो गए। थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत भरथना चौराहे के पास बाइक की टक्कर लगने से मोहसिन कोतवाली घायल हो गया।

**महाबोधि महाविद्यालय,**
कुसमरा मैनपुरी (कालेज कोड-0428)

**आवश्यकता है**

स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत परास्नातक (एम.एस.सी.) पाठ्यक्रम हेतु उक्त कॉलेज में प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं के कुल 7 पद -
(1) प्राचार्य परास्नातक 1 पद ।
(2) प्रवक्ता एम.एस.सी. रसायन विज्ञान में 2 पद।
(3) प्रवक्ता एम.एस.सी. जन्तु विज्ञान में-2 पद।
(4) प्रवक्ता एम.एस.सी. वनस्पति विज्ञान में 2 पद।
योग्यता व वेतमान राज्य सरकार / यूजीसी के नियमानुसार होगें। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाणप्रत्रों की छायाप्रति डाक द्वारा 7 कार्यदिवस के अंदर कॉलेज कार्यालय में प्रेषित करें।

सचिव-
मो0नं0-9412504539, 9456880943

अमृत विचार
कानपुर, मंगलवार,12 मई 2026



**न्यूज ब्रीफ**



अतिथि का सम्मान करते आयोजक।

### राष्ट्रीय गो रक्षक दल ने कराया गोवंश भंडारा

**फफूंद।** राष्ट्रीय गो रक्षक दल के पदाधिकारियों द्वारा क्षेत्र की तरई पंचायत के गांव पुरवा गंगू गौशाला में गोवंशों के लिए हरे चारे एवं भोजन की व्यवस्था की गई और धूप गर्मी से बचाने के लिए टट्टर भी लगाए गए। सोमवार को राष्ट्रीय गौरक्षा दल के जिला अध्यक्ष पूर्व प्रधान प.रमेश त्रिपाठी एवं जिला संगठन मंत्री राम कृपाल दीक्षित के नेतृत्व में 50 से अधिक कार्यकर्ताओं ने गौशाला पहुंचकर गोवंशों की सेवा की। भीषण गर्मी को देखते हुए टीन को तपिश से बचाने के लिए टट्टर और तिरपाल लगाया और गोवंशों के लिए हरा चारा और दाना उपलब्ध कराया। साथ ही बछड़ों को गर्मी से बचाने के लिए टेंट और तिरपाल की भी अलग व्यवस्था की गई। गौरक्षकों ने गौशाला में कार्यरत गौ सेवकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित कर उनके कार्यों की भी सराहना की। इस दौरान अंकित तिवारी, जीतू दुबे, चंद्रशेखर अग्निहोत्री, आशीष मिश्रा, गोपाल दीक्षित, राघव दीक्षित, श्रीकृष्ण कठेरिया, रजनेश कठेरिया और ग्राम प्रधान प्रमोद पाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### अज्ञात कारणों से पेड़ व खेत में लगी आग

**बेला।** थाना क्षेत्र के बेला-तिर्वा मार्ग पर जनपद कन्नौज बॉर्डर पर सोमवार शाम करीब चार बजे अज्ञात कारणों से सड़क किनारे खडे यूकेलिप्टस के पेड़ व खेत में खडे.घास-फूस में आग लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने पुलिसबल के साथ पेड़ की डालियों से आग बुझाई तबतक फायर विग्रेड का वाहन मौके पर पहुंच गया, जिससे आग बुझाई गई। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया है की आग बुझा दी गई है किसी द्वारा बीड़ी सिगरेट बिना बुझाये फेक देने की वजह से आग लगना प्रतीत हो रहा है।

### डिजिटल माध्यम से होगी जनगणना

**औरैया।** डीएम बृजेश कुमार ने स्वगणना पोर्टल के माध्यम से अपने मकान का विवरण भरकर आमजन को अधिक से अधिक स्वगणना करने की अपेक्षा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस गणना के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर शासन आमजन के हितार्थ योजनाएं बनाकर लागू करती है। अत: आप सभी स्वगणना पोर्टल पर अपने - अपने मकानों का सटीक विवरण भरें। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी जनगणना कार्मिकों को मकान गणना संबंधी विवरण के अतिरिक्त किसी प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी अथवा ओटीपी आदि को साझा न करें। उन्होंने जनगणना 2027 के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि शासन द्वारा जनगणना 2027 के अंतर्गत गणना दो चरणों में की जाएगी। जिसके प्रथम चरण में दिनांक 22 मई से 20 जून के मध्य मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी और दूसरे चरण में माह फरवरी, 2027 में जनसंख्या की गणना की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह जनगणना देश में पहली बार डिजिटल मोड में की जाएगी और इसमें आमजन स्वयं स्व गणना पोर्टल के माध्यम से अपने मकान की गणना कर सकते है। उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि स्व-गणना के अधिकारिक पोर्टल se.census.gov.in पर जाकर अंकित मोबाइल पर प्राप्त हुए ओटीपी के माध्यम से अपने राज्य, जिला व स्थानीय विवरण का चुनाव करते हुए अपना विवरण पोर्टल पर अंकित किया जा सकता है।

### महिला ने छेड़खानी व मारपीट का लगाया आरोप

**जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसके पति किसी काम के चलते गांव के बाहर गए थे। घर पर वह अपनी सास और बच्चों के साथ अकेली थी। आरोप लगाया कि रात में करीब 10 बजे गांव के ही एक युवक ने उसके दरवाजे खटखटाए। उसने बताया कि पति घर पर नहीं है वह बाद में आए। जिस पर युवक ने बताया उसके पति ने कुछ सामान भेजा है वह आकर सामान ले ले। विश्वास में आकर उसने दरवाजे खोल दिए तो वह युवक जबरन घर में घुस आया अश्लील हरकतें की। विरोध करने पर मारपीट कर भाग गया।

# लापता हुए युवक का शव मिला, जांच में जुटी पुलिस

## रविवार की शाम घर से कूड़ा डालने गया युवक हुआ था लापता

संवाददाता, बिधूना

**अमृत विचार।** रविवार की शाम घर से कूड़ा डालने गया (40) वर्षीय युवक अचानक गायब हो गया। स्वजनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला। सोमवार को खोजबीन के दौरान गांव से लगभग 500 मीटर की दूरी पर पुरहा नदी के पास महेश राठौर के कुएं के पास खून पड़ा मिला। जिस पर लोगों को शक हुआ कि कहीं यही कुएं में तो नहीं है। लोगों ने जब कुएं में झांककर देखा तो युवक क्षत विक्षत हालत में मृत अवस्था में पड़ा दिखाई दिया।



बीपी सिंह।

मृतक बीपी सिंह का सिर बुरी तरह किसी बजनदार वस्तु से कुचला हुआ था। जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को कुएं से बाहर निकलवा कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली पुलिस ने डाग स्क्वायड एवं फारेंसिक टीम को बुलाकर घटना के अनावरण का प्रयास किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान ने कहा की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगा। अक्षय कुमार पुत्र अतर सिंह निवासी कल्याणपुर ने रविवार को कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती प्रार्थना प्रार्थना पत्र में कहा था कि उसका भाई बीपी सिंह रविवार की शाम लगभग 6 खेतों पर कूड़ा डालने गया था।

### हादसे में घायल राजमिस्त्री की इलाज के दौरान मौत

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के तेहराजपुर गांव निवासी 63 वर्षीय जाहर सिंह की सड़क हादसे में घायल होने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसा बीते 6 मई को हुआ था। जानकारी के अनुसार जाहर सिंह पुत्र डब्बी प्रसाद पेशे से राजमिस्त्री थे। बुधवार को वह मुहम्मदाबाद गांव से पैदल अपने घर तेहराजपुर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आए एक अज्ञात मोपेड चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछल्दा लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें सैफई रेफर कर दिया। सैफई में इलाज के दौरान रविवार सुबह उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव गांव तेहराजपुर पहुंचा, परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे तीन पुत्र जितेंद्र सिंह, सत्यपाल सिंह और प्रदीप कुमार को छोड़ गए हैं। उनकी पत्नी सिद्धश्री का चार वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।



जाहर सिंह।

### छत पर चढ़े युवक को ग्रामीणों ने तमंचे समेत पकड़ा

**अछल्दा।** थाना क्षेत्र के गौतला गांव में देर रात एक युवक को तमंचे सहित पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। घटना देर रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है। ग्रामीणों की सतर्कता से युवक को मौके पर ही दबोच लिया गया। गांव निवासी मुनेश कुमार ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। इसी दौरान उनकी आंख खुली तो उन्होंने एक युवक को अपने मकान की छत पर चढ़ते देखा। संदिग्ध गतिविधि देखकर उन्होंने तुरंत शोर मचाया और युवक का पीछा किया। भागने की कोशिश कर रहे युवक को मुनेश कुमार और उनकी पत्नी कुंती देवी ने पकड़ लिया। शोर सुनकर पड़ोसी रंजीत सिंह यादव और गिरजाशंकर दोहरे भी मौके पर पहुंच गए और युवक को पकड़ने में सहयोग किया। ग्रामीणों ने जब युवक की तलाशी ली तो उसकी पैंट में एक तमंचा फंसा मिला। पकड़े गए युवक की पहचान गांव के ही अंकुश उर्फ देव चंद्र दोहरे (22) के रूप में हुई। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को तमंचे के साथ पकड़ लिया।

# पुरानी रंजिश में 2 युवकों पर जानलेवा हमला

- पुराने मामले में समझौते से इंकार करने पर किया गया हमला
- अछल्दा थाना क्षेत्र के बैसोली गांव का मामला

संवाददाता, अछल्दा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बैसोली गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो युवकों पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने चार नामजद आरोपितों समेत चार अज्ञात महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बैसोली गांव निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह अपने साथी नौनिहाल सिंह पुत्र भुवनेश्वर सिंह के साथ 9 मई की शाम क्षत्रिय महासभा द्वारा आयोजित महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम से लौट रहे थे। शाम करीब पांच बजे जब दोनों ब्लॉक गेट के पास पहुंचे, उसी दौरान गांव में भागवत कथा की शोभायात्रा निकल रही थी।

आरोप है कि शोभायात्रा के दौरान गांव के दशरथ सिंह पुत्र बलवंत ने जितेंद्र को देख लिया और अपने साथियों हर्षित, सौरभ, अरुण तथा घर की चार महिलाओं के साथ मिलकर दोनों युवकों को घेर लिया। बताया गया कि कुछ लोगों ने दोनों को पकड़ लिया, जबकि अन्य आरोपितों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में जितेंद्र और नौनिहाल गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों के सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं।

पीड़ित जितेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वर्ष 2012 में उनके पिता सुरेंद्र सिंह पर भी जानलेवा हमला हुआ था, जिसमें गोली मारने का आरोप दशरथ सिंह पर लगा था। वह मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि समझौते का दबाव बनाए जाने के बाद इनकार करने पर आरोपित पक्ष लगातार धमकी दे रहा था और उसी रंजिश में यह हमला किया गया।

थानाध्यक्ष अछल्दा सुरेश चंद्र ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर चार नामजद और चार अज्ञात महिलाओं के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### विज्ञान-प्रौद्योगिकी क्विज स्पर्धा हुई

**दिबियापुर।** सोमवार को वैदिक इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस-2026 के अवसर पर सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्विज स्पर्धा हुई। प्रतियोगिता का विषय जिम्मेदार नवाचार और समावेशी विकास रखा गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय में संचालित वैदिक साइंस क्लब के बैनर तले हुआ। संचालन विज्ञान शिक्षक एवं जिला विज्ञान क्लब औरैया के जिला समन्वयक मोहित सिंह ने किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति रुचि, जिज्ञासा और सीखने की भावना को बढ़ावा देते हैं। रसायन विज्ञान प्रवक्ता सुशील कुशवाहा ने क्विज समाप्त होने के तुरंत बाद परिणाम घोषित किए।प्रतियोगिता में कक्षा 10 के छात्र दीपक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। घनश्याम द्वितीय तथा कक्षा 9 के छात्र सचिन कुमार तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, कक्षा 12 के छात्र प्रांशु कुमार एवं छात्रा पायल गुप्ता को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अमन, अमरेन्द्र तिवारी सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीआरपीएफ जवान का बीमारी से निधन

संवाददाता, बेला

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में उस समय शोक की लहर दौड़ गई जब सीआरपीएफ में तैनात सूबेदार का बीमारी के चलते निधन हो गया।



शैलेन्द्र कुमार।

जानकारी के अनुसार, बेला क्षेत्र के बेलाबस्ती गांव निवासी सीआरपीएफ जवान शैलेन्द्र कुमार (46) पुत्र स्वामीदीन मणिपुर में तैनात थे। वह 30 तारीख को ड्यूटी से छुट्टी लेकर घर आए थे। बताया जा रहा है कि अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें बेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जवान के निधन की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जवान अपने पीछे पत्नी आरती, 12 वर्षीय बेटी दृश्ती और 10 वर्षीय पुत्र देव को छोड़ गए हैं। पत्नी का मायका कानपुर में बताया गया है। सूचना पर पहुंची बेला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरैया के चिचौली भेज दिया। जवान के असमय निधन से क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है। इधर जवान की निधन की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंच रहे हैं।

# सदर तहसील में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन, अनिश्चितकालीन हड़ताल

संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सदर तहसील में सोमवार को राजस्व अधिवक्ताओं का गुस्सा खुलकर सामने आ गया। विभिन्न मांगों और तहसील प्रशासन पर लगाए गए गंभीर आरोपों को लेकर अधिवक्ताओं ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी।

हड़ताल के चलते तहसील परिसर में कामकाज प्रभावित रहा और वादकारियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। राजस्व अधिवक्ता एसो के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अधिवक्ता तहसील परिसर में एकत्र हुए और प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि सदर उपजिलाधिकारी एवं न्यायिक न्यायालय में कार्यरत लेखपाल द्वारा वादकारियों से फोन के माध्यम से अवैध सुविधा शुल्क की मांग की जाती है। अधिवक्ताओं का कहना था कि बिना पैसे दिए संबंधित फाइलों और मामलों में अनावश्यक अड़चनें डाली जाती हैं तथा कार्यों को लंबे समय तक लंबित रखा जाता है। अधिवक्ताओं ने तहसील की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि शांति भंग में चालान होकर आने वाले अभियुक्तों को देर रात तक बैठाकर रखा जाता है। बिना मोटी रकम लिए जमानत प्रक्रिया पूरी नहीं की जाती। हड़ताल और प्रदर्शन के चलते तहसील परिसर में पूरे दिन गहमागहमी का माहौल बना रहा। बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं के एकजुट होने से प्रशासनिक अधिकारियों में भी हलचल देखी गई। इस मौके पर राजस्व अधिवक्ता एसोसिएशन अध्यक्ष सुशील पांडे, महामंत्री हरिभानु अवस्थी, एडवोकेट ऋषभ शुक्ला, एडवोकेट पुरुषोत्तम मिश्र सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।



धरना-प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

- तहसील परिसर में एकत्र होकर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन



आग की घटना की जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

# अज्ञात कारणों से मंडी समिति में लगी आग

**बेला।** सोमवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे अज्ञात कारणों से बेला स्थित मंडी समिति परिसर में ख़डी घास फूस में भीषण आग लग गई। गल्ला व्यापारियों की तत्काल सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार, परिसर में अनाज के गोदामों के पास परिसर में ख़डी घास फूस में अचानक आग की लपटें भड़क उठीं। आसपास के व्यापारियों ने धुआं और आग देखते ही स्थानीय थाने को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझाई। पुलिस ने परिसर को घेराबंदी कर लोगों को सुरक्षित दूरी पर हटाया।

# सराए बिहारीदास में गंदगी से ग्रामीण परेशान, बीमारी फैलने का अंदेशा

- गांव में नियमित सफाई व्यवस्था न होने से नालियां बजबजा रहीं

संवाददाता, फफूंद

**अमृत विचार।** विकासखंड भाग्यनगर की ग्राम पंचायत फफूंद देहात के गांव सराएं बिहारीदास में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। गांव में नियमित सफाई व्यवस्था न होने से नालियां बजबजा रही हैं और जगह-जगह गंदा पानी भरा रहने से ग्रामीणों को बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में तैनात सफाईकर्मी करीब 20 दिन पहले आया था, लेकिन केवल नालियों के ऊपर झाड़ू लगाकर चला गया। गांव में नालियों की सफाई न होने से उनमें कचरा जमा है और बदबू फैल रही है। गंदगी के कारण मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ गई है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। ग्रामीण अब्दुल मजीद, चांद बाबू, यासीन, साबिर, निजामुद्दीन, कल्लू ने बताया कि पिछले वर्ष गांव में हैजा फैल चुका है, जिसमें कई लोग बीमार हुए थे। इसके बावजूद सफाई व्यवस्था में कोई सुधार नहीं किया गया। हालात यह हैं कि लोग अपने घरों के सामने की नालियां खुद साफ करने को मजबूर हैं। गांववासियों ने प्रशासन से नियमित सफाई कराने,फॉगिंग कराने और नालियों की समुचित सफाई की मांग की है, ताकि गांव को गंदगी और बीमारियों से बचाया जा सके। एडीओ पंचायत संतोष तिवारी ने बताया कि जानकारी मिली है। सफाईकर्मी को गांव में नियमित सफाई करने के निर्देश दिए गए हैं। टीम भेजकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जाएगी।



सफाई के अभाव में बजबजाती नाली।

### कोरोना काल से बंद ट्रेनें फिर से अछल्दा में रुकें

**अछल्दा।** कस्बा में रविवार को अछल्दा रेलवे स्टेशन पर एकलव्य वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों ने कोरोना काल से बंद पड़ी ट्रेनों के पुनः ठहराव की मांग को लेकर स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

सोसायटी के सदस्यों का कहना था कि कोरोना महामारी के दौरान कई ट्रेनों का अछल्दा स्टेशन पर ठहराव बंद कर दिया गया था, जिसे अब तक बहाल नहीं किया गया है। इससे क्षेत्र के यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि यात्रियों की सुविधा को देखते हुए पूर्व में रुकने वाली ट्रेनों का ठहराव दोबारा शुरू कराया जाए, जिससे क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

# खिलाड़ियों ने स्टेट कराटे चैंपियनशिप में जीते तीन गोल्ड, पांच सिल्वर व एक कांस्य

संवाददाता, अछल्दा

**अमृत विचार।** अछल्दा में संचालित एसएस कराटे अकादमी के खिलाड़ियों ने कानपुर में आयोजित स्टेट कराटा चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 गोल्ड, 5 सिल्वर और 1 कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया।

9 और 10 मई को कानपुर स्थित इंद्रधनुष एकेडमी स्कूल में ड्रैगन मार्शल आर्ट अकादमी की ओर से स्पर्धा हुई। इसमें लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, मैनपुरी, आजमगढ़, अमेठी और औरैया समेत विभिन्न जिलों के 550 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। टीम कोच श्रीवत्स दीक्षित और संध्या दीक्षित ने बताया कि अभिषेक, शुभी पोरवाल और अनुभव सेंगर ने गोल्ड, रिशु, परी गुप्ता, प्रियांशी गुप्ता, सत्यम सिंह और देव वर्धन ने सिल्वर मेडल हासिल किया। जबकि अनुप्रीत ने कांस्य पदक अपने नाम किया। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में शानदार तकनीक, अनुशासन और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सुरेश कुमार, अपर निदेशक डीआरडीओ ने किया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता खिलाड़ियों को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं उत्कृष्ट प्रशिक्षक श्रीवत्स दीक्षित और संध्या दीक्षित को सम्मानित किया गया।



ट्राफी के साथ विजेता व अन्य। अमृत विचार

**बताई समस्या** — जगनेवा गांव के ग्रामीणों ने खुली बैठककर सौंपा ज्ञापन

# टाली जा रही राशन दुकान की चयन प्रक्रिया

संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** जगनेवा गांव की उचित दर की दुकान के चयन को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लगभग एक वर्ष से दुकान निरस्त होने के कारण ग्रामीणों को राशन व्यवस्था में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, तीन बार तिथि निर्धारित होने के बावजूद खुली बैठक में चयन प्रक्रिया पूरी न होने से ग्रामीणों का आक्रोश सोमवार को खुलकर सामने आ गया।

सोमवार सुबह बड़ी संख्या में ग्रामीण पंचायत भवन पर उचित दर विक्रेता के चयन की उम्मीद लेकर पहुंचे थे। ग्रामीणों का कहना था कि उन्हें चयन प्रक्रिया होने की जानकारी दी गई थी, लेकिन मौके पर पहुंचने के बाद पता चला कि उस दिन भी चयन नहीं कराया जाएगा। इससे नाराज ग्रामीणों ने विरोध जताया और बाद में लगभग आधा सैकड़ा ग्रामीण तहसील पहुंच गए। तहसील पहुंचकर ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि चयन प्रक्रिया को लगातार टाला जा रहा है। ग्रामीणों का कहना था कि पहले भी तीन बार तिथि निर्धारित की गई, लेकिन हर बार किसी न किसी कारण से चयन प्रक्रिया स्थगित कर दी गई। इससे गांव के लोगों को राशन वितरण में दिक्कतें हो रही हैं और उन्हें दूसरे गांवों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि चयन स्थगित होने की पूर्व सूचना उन्हें नहीं दी जाती, जिससे ग्रामीणों का समय और श्रम दोनों व्यर्थ हो रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पारदर्शी तरीके से चयन प्रक्रिया पूरी कराने की मांग की। मामले की जानकारी मिलने पर उपजिलाधिकारी रिंकू सिंह राही से ग्रामीणों की वार्ता हुई। एसडीएम ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि 14 मई को खुली बैठक आयोजित कर उचित दर विक्रेता का चयन कराया जाएगा। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए और वापस लौट गए।



तहसील में समस्या बताते ग्रामीण। अमृत विचार

# एक-दो दिन की सख्ती फिर नियमों की अनदेखी

- हाईवे पर हुआ था बड़ा हादसा नहीं ले रहे सबक

**कालपी (जालौन)।** प्रशासन ने हादसे के बाद भी सबक नहीं लिया है। एक दो दिन की सख्ती के बाद हाईवे पर यातायात नियमों की अनदेखी फिर शुरू हो गई है।

विदित दिनों हाईवे पर बडा हादसा हो गया था जिसमें हाईवे पर खड़े ट्रक में टकराने से कार सवार नौ लोगों की मौत हो गई थी जिसके बाद जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग तथा पुलिस प्रशासन को हाईवे पर यातायात नियमों के पालन में सख्ती बरतने के निर्देश दिए थे जिसपर परिवहन विभाग के अधिकारियों ने गलत दिशा से वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई थी हालांकि उनके जाने के बाद स्थिति फिर से ज्यों की त्यों हो गई थी हालांकि शनिवार को पुलिस ने गलत दिशा से जा रहे आधा दर्जन से अधिक वाहनों को सीज किया था। जिससे लग रहा था कि हाईवे पर यातायात व्यवस्था सही हो जाएगी लेकिन ऐसा सोचना गलत साबित हुआ और एक दिन बाद ही गलत दिशा से ट्रकों का संचालन शुरू हो गया है। रविवार दोपहर से चल रहे यह ट्रक किसी बडे हादसे का कारण बन सकते हैं लेकिन जिम्मेदारों का ध्यान इधर नही है। एसडीएम मनोज कुमार सिंह कहते हैं कि हाईवे पर गलत दिशा में वाहनों के गुजरने पर पूरी तरह पाबंदी है अगर ऐसा है तो अभियान चलाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### चौपाल कर ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

**कालपी।** सरकार आपके द्वार अभियान के तहत सोमवार को एसडीएम ने अटरा खुर्द में चौपाल लगाई। शासन द्वारा सरकारी योजनाओं की हकीकत और जनता की समस्याओं के मौके पर निस्तारण के लिए सरकार आपके द्वार के तहत गांव गांव चौपाल का आयोजन कर रही है। जिसमें विभागीय जिम्मेदार मौजूद रहकर जनता की समस्याओं का समाधान करने के साथ पात्रों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाता है। सोमवार को महेवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम अटरा खुर्द में एसडीएम मनोज कुमार सिंह की अगुवाई में चौपाल का आयोजन हुआ। इस दौरान उन्होंने राशन वितरण व्यवस्था के साथ विधवा व वृद्धा पेंशन के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी।

## न्यूज ब्रीफ



चौकी प्रभारी को विदाई देते लोग।

### गोहांड चौकी इंचार्ज को विदाई, नए आए

**गोहांड (हमीरपुर)।** पुलिस चौकी के प्रभारी वीरेंद्र प्रसाद का पुलिस लाइन स्थानांतरण होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर उन्हें फूलों की माला पहनाकर स्मृति चिह्न भेंट किए गए। इसके साथ ही मौदहा कोतवाली से आए नवागंतुक चौकी प्रभारी जिशान्त खोखर का स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शंकर सिंह लोधी, शिक्षक मुन्नालाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### 3 महिलाओं ने खाया जहर, सभी भर्ती

**मौदहा।** क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में तीन महिलाओं ने जहरीला पदार्थ खा लिया। सभी को गंभीर हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज जारी है। क्षेत्र के भैंसमरी निवासी निशा (20) पुत्री वरदानी ने अज्ञात कारणों के चलते जानवरों के कीड़े मारने की दवा ब्यूटेक्स पी ली। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। इसी तरह कस्बा निवासी शालू (24) पत्नी शरीफ और राखी (28) पत्नी देव प्रकाश ने जहरीला पदार्थ हापिक पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने दोनों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। तीनों महिलाओं का इलाज जारी है। पुलिस को सूचना दे दी गई है। जहरीला पदार्थ खाने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### शराबी पति के विरुद्ध थाने में दी तहरीर

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के नौहाई गांव में महिला ने अपने शराबी पति पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला ने कोतवाली में तहरीर दी है। नौहाई गांव निवासी कल्पना ने बताया कि उसका पति शराब पीने का आदी है। वह अक्सर शराब के नशे में धुत होकर उसके साथ गाली गलौज और मारपीट करता रहता है। बताया कि शनिवार देर शाम उसका पति शराब पीकर घर आया और गाली देते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप लगाया कि उसके पति ने उसे जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल अनूप कुमार ने बताया कार्रवाई की जा रही है।

### भट्ठे से किशोरी को ले गया परिचित युवक

**राठ (हमीरपुर)।** जरिया थानाक्षेत्र के एक गांव की किशोरी को एक युवक द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। किशोरी के परिजनों ने कोतवाली में शिकायत देकर बरामदगी और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। किशोरी के पिता के अनुसार परिवार इन दिनों बुलंदशहर में ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। वहीं काम करने वाले कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहगांव निवासी हंसराज का उनकी नाबालिग नातिन से संपर्क हो गया था। शुक्रवार रात करीब दो बजे हंसराज किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों ने बताया कि किशोरी घर में रखे पांच हजार रुपये और एक मोबाइल फोन भी ले गई है। घटना के बाद परिवार चिंतित है और पुलिस से कार्रवाई की मांग कर रहा है। कोतवाली प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि मामला दूसरे क्षेत्र से संबंधित होने के कारण आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई की जा रही है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में आज से रेडीनेस मेला

**मौदहा।** बीआरसी कार्यालय में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्री व मुख्य सेविका मौजूद रहीं। जिला समन्वयक चंद्रशेखर ने स्कूल रेडीनेस मेला के आयोजन के संबंध में जानकारी दी। बताया गया कि सरकार के निर्देशानुसार एसआरएम स्कूल रेडीनेस मेला आयोजित किया जाना है। इसमें 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के साथ उनकी गतिविधियां माता-पिता व अभिभावकों द्वारा कराई जाएंगी। जिला समन्वयक चंद्रशेखर ने प्रथम संस्था की ओर से पंजीकरण व गतिविधियों के बारे में प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि पहला मेला 12 मई से 16 मई तक सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित होगा। दूसरा मेला 15 जून से 20 जून तक केंद्रों में लगाया जाएगा। मेले का उद्देश्य बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करना और अभिभावकों को जागरूक करना है। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकत्रियों को मेले के आयोजन की संपूर्ण जानकारी दी जा रही है।

# डीएम साहब! मैं जिंदा हूं, मेरी पेंशन रोक दी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- एक साल से भटक रहे दिव्यांग ने डीएम से पेंशन की लगाई गुहार
- मृत दर्शाकर पेंशन रोकने वाले के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग

**अमृत विचार।** एक दिव्यांग ने जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के सामने पहुंचकर बोला, साहब मैं जिंदा हूं, मुझे मृत दर्शा कर मेरी पेंशन रोक दी गई है। एक साल से पेंशन बंद है, जिससे आर्थिक संकट से जूझ रहा हूं। उसने जिलाधिकारी से रोकी गई पेंशन शुरू करवाने की गुहार लगाई है।

मुस्करा विका सखंड क्षेत्र के बिवांर के रहने वाले भगवानदीन पुत्र मंगी साहू सोमवार को जन सुनवाई के दौरान डीएम अभिषेक गोयल के सामने पेश हुआ। उसने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह दिव्यांग है और दिव्यांग कल्याण विभाग से उसकी पेंशन स्वीकृत की गई थी। अचानक पेंशन बंद हो जाने पर उसने विभाग से जानकारी हासिल करनी चाही, लेकिन विभाग से जानकारी नहीं मिली। हर रोज चक्कर लगाने पर एक बार दिव्यांग कल्याण अधिकारी मिले, जिस पर उन्होंने बताया कि सरकारी दस्तावेजों में उसे मृत घोषित कर उसकी एक वर्ष से पेंशन रोक दी गई है। पीड़ित जिलाधिकारी के सामने पहुंचा और अपने को जीवित दिखाकर दिव्यांग पेंशन चालू करवाने की गुहार लगाई। वहीं पीड़ित ने उसको मृत दर्शाकर पेंशन रोकने वाले कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

## युवक को दारू पिला बाइक-नकदी छीनी

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** मौसा के घर जाते समय युवक को नशेबाजों ने रास्ते में बहला फुसलाकर रोक लिया और युवक को शराब पिलाने के बाद रुपये और बाइक लेकर रफूचक्कर हो गये। युवक के भाई ने पुलिस को तहरीर सौंपी है।

पंधरी गांव निवासी नवीन कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसका चचेरा भाई आशीष मौसा के यहां बिदोखर जाने के लिए 8 मई को सुबह 11.20 बजे बाइक से निकला था। इंगोहटा बिदोखर के मध्य इसको कुछ नशेबाजों ने बहला फुसलाकर रोक लिया और शराब पिलाने के बाद रुपये और बाइक लेकर रफूचक्कर हो गये। दोपहर 2.30 बजे के बाद यह शराब के नशे में मौसा के यहां पैदल पंहुचा। मौसा श्याम बाबू ने फोन से अवगत कराया कि आशीष बगैर बाइक लिये नशे की हालत में घर आया।

# बेतवा नदी का जलस्तर बढ़ने से सब्जियां डूबीं

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- सब्जी की बारी डूबने से किसानों की रोजी-रोटी का छिना सहारा
- किसानों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर डीएम से मांगा मुआवजा

**अमृत विचार।** सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के निर्देश पर मौदहा बांध के गेटों की मरम्मत कराने को लेकर बांध से छोड़े गए पानी से बेतवा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जिससे नदी किनारे सब्जी की बारियां करने वाले किसानों की फसलें जलमग्न होकर नष्ट हो गई है। किसानों ने हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर डीएम को ज्ञापन सौंपा है।

विरमा नदी पर स्वामी ब्रह्मानंद (मौदहा) बांध बना है। इस बांध में ड्रेनेज गैलरी में भारी रिसाव की समस्या के चलते सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के निर्देश पर मौदहा बांध के 11 गेटों की मरम्मत को लेकर पांच मई की शाम से गेट खोलकर पानी छोड़ने का सिलसिला



सोमवार को ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट में पहुंचे प्रभावित सब्जी किसान। अमृत विचार

शुरू कर दिया गया था। बांध से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण बिरमा नदी के डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में जलस्तर बढ़ने की पहले से ही संभावना थी। इसको लेकर प्रशासन ने संभावित खतरे को देखते हुए सभी संबंधित विभागों को अलर्ट कर दिया था। जिस पर प्रशासन ने गांवों में मुनादी कराकर नदी के किनारे रहने वाले लोगों को एलर्ट भी कर दिया गया था। मौदहा बांध से लगातार पानी छोड़े जाने से अब बेतवा नदी का जलस्तर भी बढ़ता जा रहा है।

सोमवार को ललपुरा थाना क्षेत्र के पौथिया गांव और जिला मुख्यालय के बेतवा घाट निवासी निषाद समाज के लोगों ने दिए ज्ञापन में बताया कि बेतवा नदी का जलस्तर बढ़ने से उनकी सब्जी की बारियां पूरी तरह जलमग्न हो कर नष्ट हो गईं है। उनकी आजीविका का एक मात्र साधन खेती ही है। बारियां जलमग्न होने से उनका परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच गया है। उन्होंने राजस्व टीम को भेजकर उनके खेतों का सर्वे कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। इस दौरान संतोष, राहुल, विमला, दीपक, आरती, केसर, रामरती, उर्मिला, प्रेम कुमारी, रामश्री, सीमा, रजनी, रेखा सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# बड़े भाई के हत्यारे को आजीवन कारावास

## भाभी के साथ छेड़खानी का विरोध करने पर कर दी थी हत्या

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- सुमेरपुर थाना क्षेत्र के मौहर में 15 जुलाई 2023 को हुई थी वारदात
- पत्थर से कूचकर मार डाला था कोर्ट ने 10 हजार अर्थदंड लगाया

**अमृत विचार।** तीन साल पहले भाभी के साथ छेड़खानी और फिर उसका विरोध करने पर बड़े भाई की हत्या करने के मामले में अदालत ने दोषी छोटे भाई को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। हत्यारे ने बड़े भाई की पत्थर से सिर कूचकर हत्या कर दी थी। इस मामले में सोमवार को जिला जज मनोज कुमार राय की अदालत ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि 15 जुलाई 2023 को सुमेरपुर थाना क्षेत्र के मौहर गांव के रहने वाले कामता



श्रीवास के बड़े पुत्र धर्मपाल की छोटे भाई भूपेंद्र ने पत्थर से कूचकर निर्मम हत्या कर दी थी। शासकीय अधिवक्ता के अनुसार हत्यारे भूपेंद्र ने पहले बड़े भाई धर्मपाल की पत्नी के साथ छेड़छाड़ की। जब बड़े भाई ने छेड़खानी का विरोध किया तो खुन्नस खाए भूपेंद्र ने बड़े भाई धर्मपाल पर हमला कर दिया। आरोपी ने धर्मपाल के सिर पर पत्थर से ताबड़तोड़ प्रहार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

इस मामले में धर्मपाल की मां शांति देवी ने थाने में तहरीर देकर आरोपी छोटे पुत्र भूपेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने पूरे मामले की गहराई से विवेचना करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल की। मामले में साक्ष्यों और धर्मपाल की की पत्नी पूजा रजक की गवाही के बाद आरोपी भूपेंद्र को दोषी ठहराया गया। सोमवार को जिला जज मनोज कुमार राय की अदालत ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए दोषी भूपेंद्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

## हादसों में 4 लोग घायल, एक रेफर

**मौदहा।** क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को लहूलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद एक की हालत में सुधार न होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर छिरका गांव के पास सड़क हादसे में रीवन निवासी मुकेश (25) पुत्र सुरेश कुमार और गहरौली निवासी लखन (28) घायल हो गए। दोनों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर, बरुआ सुमेरपुर निवासी सिद्ध गोपाल (27) पुत्र हीरालाल ठेले से ईंट उतारते समय चट्टा भरभरा कर गिरने से नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे भी सरकारी अस्पताल लाया गया। कस्बा निवासी आलोक पुत्र राम प्रकाश रविवार रात सीढ़ियों से उतरते समय पैर फिसलने से घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# खड़ी रोडवेज बस में टकराई ऑटो, 8 यात्री गंभीर घायल

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

- कालपी-हमीरपुर स्टेट हाईवे पर कुरारा ब्लाक के पास हादसा
- मनकी से सवारियां लेकर कुरारा आ रहा था आपे, 4 घायल रेफर

**अमृत विचार।** कालपी हमीरपुर स्टेट हाईवे में ब्लॉक के सामने खड़ी रोडवेज बस में सवारियां से भरा आपे जा टकराया। जिससे आपे में सवार करीब 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से सभी को स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्स्कों ने प्राथमिक उपचार के बाद चार घायलों की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

क्षेत्र के कुरारा मनकी मार्ग में सोमवार को दोपहर करीब 1 बजे आपे चालक सवारी भर कर कस्बे आ रहा था। तभी ब्लॉक के सामने हमीरपुर कालपी हाईवे पर खड़ी रोडवेज बस से टकरा गया। टक्कर लगने के बाद सवारियों में चीख पुकार मच गई। आपे में सवार झलोखर गांव निवासी प्रदीप (18),



हादसे के बाद हाईवे पर क्षतिग्रस्त खड़ी आपे और बस। अमृत विचार

बचरौली निवासी मीराबाई (35), मनकी खुर्द निवासी नीतू (38), बचरौली निवासी विकास (10) व सहदेव (50), सिमरा निवासी गीता (38), शिवनी निवासी अनीता (51), ददरी निवासी आकांक्षा (18) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सभी घायलों को स्थानीय सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद प्रदीप, मीराबाई, नीतू व गीता की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# युवक की मौत, दोस्तों पर जहर पिलाने का आरोप

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- एक महिला समेत तीन दोस्तों पर शराब में जहर मिलाने का आरोप
- पुलिस बोली, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगी कार्रवाई

**अमृत विचार।** कस्बे के एक मोहल्ले में एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत का मामला सामने आया है। युवक की पत्नी ने चार लोगों के खिलाफ शराब में जहर मिलाकर पिलाने का आरोप लगाया है और जांच कर कार्रवाई मांगी है।

कस्बे के जलालपुर रोड निवासी किरन ने बताया कि उसके पति संदीप (35) की तबियत अचानक से बिगड़ गई। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी ने एक महिला मित्र सहित चार लोगों पर शराब में जहर मिलाकर पिलाने का आरोप लगाया है। बताया कि उसका पति शराब पीने का आदी था और वह किसी महिला से बातचीत करता रहता था। किरण का आरोप है कि आरोपी महिला और तीन अन्य लोगों ने मिलकर उसके पति को शराब में जहर पिलाकर मार डाला। मृतक, अपने पीछे 6 वर्षीय पुत्री माही, 4 वर्षीय महक और 3 वर्षीय पुत्र शिवा को छोड़ गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों ने बातया संदीप सोनी लाइट सुधारने का काम करता था। कोतवाल अनूप कुमार ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही सही जानकारी हो सकेगी कि युवक की मौत कैसे हुई है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।



संदीप कुमार।

## जन्मोत्सव की धूम



सरीला क्षेत्र के चंडौत गांव में आयोजित श्री विष्णु महायज्ञ श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन सोमवार को श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की बाल-लीलाओं को सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए। कथा में भगवान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर भगवान के बाल स्वरूप की जीवंत झांकी सजाई। कथा में श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग आते ही पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जयकारों से गूंज उठा। कथावाचक पं.पवन कृष्ण महाराज ने बड़े रोचक तरीके से श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुनाई। उन्होंने गीत-संगीत के माध्यम से ऐसी समां बांधी कि सभी श्रद्धालु भावविभोर होकर नाचते-झूमते नजर आए। कथा के अंत में भगवान की आरती उतारी गई और भक्तों को माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। देर रात तक चले इस जन्मोत्सव कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों की उपस्थिति सबसे अधिक रही। इस आयोजन को सफल बनाने में कथा के मुख्य यजमान देवेंद्र राजपूत, परीक्षित सत्यवदन राजपूत सहित सभी ग्रामीण और कार्यकर्ता मौजूद रहे। ● अमृत विचार

# ट्रांसफॉर्मर में लगी आग पूरे इलाके की बत्ती गुल

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के मोहल्ला हुसैनगंज नहरिया स्थित शेख चांद बाबा के पास सोमवार को विद्युत ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट होने से भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही मिनटों में रौद्र रूप धारण कर लिया और पूरा ट्रांसफार्मर आग के गोले में तब्दील हो गया। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।



मौदहा में जलता ट्रांसफार्मर।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग धीरे-धीरे ट्रांसफार्मर से जुड़ी विद्युत केबलों तक पहुंच गई, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका बढ़ गई। भीषण आग और धमाकों जैसी आवाजों से दहशत में आए लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। मोहल्लेवासियों ने तत्काल विद्युत विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के लाइनमैन अबरार और शीलू मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। इसके बाद मोहल्लेवासियों ने राहत की सांस ली। आग लगने से इलाके की विद्युत आपूर्ति बाधित रही और लाइनमैन क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन को दुरुस्त करने में जुटे रहे। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

स्वरूप का वर्णन | ब्रह्मानंद महाविद्यालय में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर आयोजित हुई गोष्ठी

# राजपूतों का बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- कॉलेज प्राचार्य ने सोमनाथ मंदिर में आक्रमण पर प्रकाश डाला
- गोष्ठी में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार साझा किए

**अमृत विचार।** कस्बे के ब्रह्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में छात्र-छात्राओं व प्राध्यापकों ने अपनी बात रखी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो सुरेंद्र सिंह ने स्वामी ब्रह्मानन्द महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. सरजू नारायण, डा.एसएन शुक्ला, डा.अनुराग दुबे, डा.विजय प्रताप गौतम, डा.आरबी शर्मा, डा.अरुण कुमार ने सोमनाथ मंदिर की भव्यता व पुनर्स्थापना पर चर्चा की। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व उन राजपूतों के लिए समर्पित है, जिन्होंने मंदिर की रक्षा के लिए



सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर विचार रखते प्राचार्य प्रो.सुरेंद्र सिंह। अमृत विचार

अपने प्राणों का बलिदान कर दिया था, लेकिन अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। मुहम्मद गजनी ने 1026 में पहला आक्रमण किया था। यह कार्यक्रम सोमनाथ मंदिर पर किए गए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे होने पर मनाया जा रहा है। इसके अलावा 2026 में मंदिर पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे हुए हैं। 11 मई 1951 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने मंदिर का पुनर्निर्माण करवाया था एवं लोगों के दर्शनार्थ खुलवाया था। शिक्षा विभाग के विद्यार्थी राजकुमार ने भगवान शिव के स्वरूप का वर्णन किया। इस अवसर पर विपिन राजपूत, आकांक्षा, नंदराम इत्यादि कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन डा.ऋषि कुमार शर्मा ने किया।

# पुराने पेंशनरों को भी आठवें वेतन आयोग की सीमा में लाने पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष श्यामचरन साहू एवं महामंत्री गुरुदेव सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को नगर पालिका परिषद स्थित रैन बसेरा हॉल में मासिक बैठक आयोजित हुई।

बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स के मसीहा स्व.बीएन सिंह की आगामी बैठक में पुण्यतिथि मनाने और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर प्रधानमंत्री को भेजे जाने वाली सामूहिक याचिका में पेंशनर्स के हस्ताक्षर कराने की बात कही गई। उन्होंने आठवें वेतन आयोग की रिपोर्ट में पेंशनर्स की पेंशन पुनरीक्षण को भी शामिल करने, पेंशनर्स के राशिकरण की कटौती 10 वर्ष में बंद करने, प्रत्येक 05 वर्ष पर 05



सोमवार को पेंशनर्स संघ की मासिक बैठक हुई। अमृत विचार

प्रतिशत पेंशन की वृद्धि करने, पुराने पेंशनरों को आठवें वेतन आयोग की सीमा में लाने और पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग को लेकर ज्ञापन भेजने की बात कही है। बैठक में 10 सदस्यों ने नवीनीकरण व 13 ने सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर देवीदयाल प्रजापति, रामसनेही, प्रेम नारायण तिवारी, महेश्वरी लाल, सभाजीत, दयाराम वर्मा, असगर हुसैन, श्रीकृष्ण प्रजापति, परवीन बानो, हरनारायन बाजपेयी, राम भजन कुशवाहा, उमाशंकर, महेश्वरीदीन, बालकृष्ण आदि रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### तीन अभियुक्तों को तीन वर्ष की सजा

**महोबा।** नाबालिग के साथ छेडछाड़ गाली-गलौज और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट ने आरोप सिद्ध होने पर तीन अभियुक्तों को तीन साल की सश्रम सजा सुनाई, साथ ही 10 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत कबरई थाने में पंजीकृत पॉक्सो एक्ट से सम्बंधित अभियुक्त अजय व्यास पुत्र स्व. रमाकान्त उर्फ कल्लू महाराज, अनुज पुत्र राधेश्याम, राहुल पुत्र राधेश्याम निवासी इन्द्रानगर कबरई के खिलाफ पुलिस ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की थी। सोमवार को न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बहस और दलीलें सुनने के बाद दोषी अभियुक्तों को तीन वर्ष के सश्रम कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। इस प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक अविनाश कुमार मिश्रा ने की थी। न्यायालय में लोक अभियोजक अमन सिंह व पुष्पेन्द्र सिंह की प्रभावी पैरवी की गई।

### एएसपी ने साइबर थाने का किया निरीक्षण

**महोबा।** अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह ने पुलिस लाइन स्थित जिला साइबर थाने का औचक निरीक्षण किया। एएसपी ने साइबर अपराधों से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि साइबर अपराधों में संलिप्त अपराधियों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जांच प्रक्रिया में आधुनिक तकनीक एवं उपकरणों का अधिकतम उपयोग करने पर बल देते हुए साक्ष्य संकलन एवं अभियोजन की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। प्रभारी साइबर थाना को आमजन को साइबर धोखाधड़ी के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिए साथ ही यह भी निर्देशित किया कि साइबर अपराध से संबंधित प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए पीड़ितों को समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर की स्वच्छता, सुव्यवस्था एवं पब्लिक फ्रेंडली वातावरण बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। अभिलेखों जैसे रजिस्टर, केस डायरी आदि को नियमित रूप से अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश भी दिए गए।

### खन्ना पुलिस ने तीन अभियुक्तों को पकड़ा

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में जिले में चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में सोमवार को थाना खन्ना की पुलिस टीम ने तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री अर्जुन सिंह द्वारा संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया। उपनिरीक्षक लक्ष्मीनारायण सिंह के नेतृत्व में गठित प्रथम पुलिस टीम ने वारंटी अभियुक्त बब्बू उर्फ बाबूलाल (65) पुत्र स्व0 सुखलाल प्रजापति निवासी ग्राम पचपहरा थाना खन्ना को बस स्टैंड के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में उपनिरीक्षक हीरामणि तिवारी के नेतृत्व में गठित द्वितीय पुलिस टीम वांछित अभियुक्त रमाशंकर (68) पुत्र रामप्रसाद व शिवबालक (68) पुत्र रामप्रसाद उम्र करीब 68 वर्ष निवासीगण ग्राम घंडुआ को गांव के पास से गिरफ्तार किया है। अभियुक्तो के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेजा गया है।

# पानी-बिजली समस्या पर हुंकार

## सपाईयों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में अघोषित बिजली कटौती, स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उपभोक्ताओं की परेशानी, शहर व ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति, कमर तोड़ महंगाई, नलकूपों की स्थापना, किसानों को खाद, बीज, सिंचाई व्यवस्था, तालाबों में जलकुंभी को लेकर सोमवार को समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद सांसद अजेंद्र सिंह लोधी और जिलाध्यक्ष शोभालाल के नेतृत्व में सपाईयों ने राज्यपाल के नाम डीएम की अनुपस्थिति में एसडीएम को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर जल्द निस्तारण कराने की मांग उठाई।

राज्यपाल के नाम सौंपे गए ज्ञापन में सपाईयों ने बताया कि कई महीनों से बिजली के स्मार्ट मीटर की शुरुआत हो जाने के बाद से आम जनमानस को अत्याधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। स्मार्ट मीटर और बिजली विभाग के एप में गलत रिडिंग दिखाई जा रही है साथ ही सही समय से वैलेस अपडेट न होने के कारण वैलेंस शून्य दर्शा रहा है और गलत रिडिंग के चलते बिल कई गुना ज्यादा आता है। सपाईयों ने स्मार्ट मीटरों को अलग करके पहले किए गए स्थापित मीटरों को लगाए जाने की मांग उठाई है।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन के साथ ज्ञापन देते सपा नेता और कार्यकर्ता। अमृत विचार

ज्ञापन में बताया कि भीषण गर्मी के चलते बिजली लाइन में लोकल फाल्ट बताकर कटौती की जा रही है, जिससे भीषण गर्मी से लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। बताया कि लाइन बंद करने के बाद पावर हाउस में तैनात अधिकारी, कर्मचारी आमजन का फोन उठाना भी बंद कर देते हैं। ज्ञापन में बेवजह की जा रही बिजली कटौती को बंद कराए जाने की मांग की है। शहर के अलावा जिले के कई गांव ऊंचाई क्षेत्र में होने के कारण गर्मी के मौसम में पानी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। पानी की पर्याप्त व्यवस्था न होने के ग्रामीणों के अलावा जानवरों को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। सपाईयों ने ऊंचाई क्षेत्रों में संसाधनों की व्यवस्था कर पानी की व्यवस्था कराए जाने की मांग की है। बताया कि कमर तोड़ महंगाई के चलते जिले में रोजगार न होने के कारण आम आदमी जितना कमाता है उससे उसके परिवार का भरण पोषण भी नहीं हो पा रहा है, जिस कारण मजदूर वर्ग शहरों की ओर पलायन करने को मजबूर है। गरीबों के हित में चलाई जा रही योजनाएं भी कागजों तक सीमित रह गई है साथ ही गैस के बढ़ते दामों से लोगों का हाल बेहाल होता जा रहा है। ज्ञापन में गैस, गेहूं, चावल आदि खाद्यान्न में सब्सिडी देते हुए जरूरी सामानों को सस्ता किए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में सांसद, जिलाध्यक्ष के अलावा सपा जिला उपाध्यक्ष प्रेम विश्वकर्मा, हरी सिंह वर्मा, रोशन अली, महासचिव ताहिर उद्दीन सिद्दीकी, भगीरथ यादव, अमित यादव, अभिषेक यादव आदि सपाई मौजूद रहे।

### ऐसा पीएम न कभी हुआ और न होगा: सांसद

■ कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन के दौरान सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला बोला। उन्होंने प्रधानमंत्री को देश विरोधी करार देते हुए विदेशी दौरों पर सवाल उठाए और कहा कि ऐसा प्रधानमंत्री न कभी हुआ है और न कभी होगा। बंगाल चुनाव में उन्होंने कहा कि लाखों मतदाताओं के नाम काट दिए गए और रातों रात ईवीएम को बदल दिया गया।

# समिति का गठन कर बैठक की मांग

- ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने डीएम से मिलकर सौंपा ज्ञापन
- सूचना एवं जनसंपर्क निदेशक के पत्र का हवाला देकर उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिला प्रेस स्थायी समिति का गठन और समिति की नियमित बैठक किए जाने की मांग को लेकर सोमवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने जिलाधिकारी गजल भारद्वाज से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के ग्रामीण पत्रकारों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक प्रमुख एवं मान्यता प्राप्त संगठन है। संगठन की इकाइयां प्रदेश के जनपदों एवं तहसील स्तर पर गठित हैं, जिसकी महोबा जनपद की इकाई सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। संगठन में लगभग 125 सदस्य जुड़े हुए हैं।

ज्ञापन में बताया कि निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश ने 30 जून 2025 के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को जिला प्रेस स्थायी समिति के गठन और उसकी नियमित मासिक बैठकें आयोजित किए जाने संबंधी निर्देश जारी किए गए थे, जिससे पत्रकारों और जिला प्रशासन के मध्य समन्वय स्थापित करने व पत्रकारों से संबंधित समस्याओं, उत्पीड़न के मामलों का प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। बताया कि जिले में विगत वर्षों में जिला प्रेस स्थायी समिति की बैठकें आयोजित होती रही हैं, जिनमें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में सहभागिता प्रदान की जाती थी। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से समिति की नियमित बैठकें आयोजित नहीं हो पा रही हैं, जिससे पत्रकारों की समस्याओं के समाधान एवं प्रशासनिक समन्वय में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं।



डीएम गजल भारद्वाज को ज्ञापन देते एसोसिएशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

एसोसिएशन ने डीएम से शासनादेश के अनुपालन में जिले में जिला प्रेस स्थायी समिति का विधिवत गठन कर उसकी नियमित बैठकें आयोजित कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाने की मांग की है।

ज्ञापन देने वालों में ज्ञापन देने वालों में एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष यूनुस खान, जिलाध्यक्ष देवेंद्र अरजरिया, इफ्तखार अली, मोहम्मद अजीज, राकेश पटेरिया, अरविंद अनुरागी, फैजान अली, महेंद्र सोनी, सुरेश निराला, अनिल बाबू, तौसीफ खान, मकबूल खान, सलमान, हरि दर्शन, हरि सिंह वर्मा, शिवनंदन अग्निहोत्री, शहंशाह अहमद, सहित अन्य एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



एसपी कार्यालय के बाहर खड़ा पीड़ित परिवार। अमृत विचार

# डीजे धीमा करने को कहा तो बोला हमला

- जन्मदिन की पार्टी मना रहे दबंगों ने आधा दर्जन लोगों को पीटा
- पड़ोसियों की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** चरखारी की कांशीराम कालोनी में जन्मदिन की पार्टी में बज रहे डीजे की आवाज को धीमा किए जाने को लेकर एक ही परिवार के आधा दर्जन लोगों की मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पड़ोसियों ने दबंगों से परिवार को बचाने का प्रयास किया तो उनके साथ भी दबंगों ने हाथापाई कर अभद्रता की। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि दबंगों ने मारपीट करने के बाद घर से नगदी और गहने भी लेकर फरार हो गए और शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित परिजनों ने एसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।

कांशीराम कालोनी चरखारी के समीप कुछ लोग जन्मदिन की पार्टी के बहाने तेज आवाज में डीजे बजाते हुए शराब का सेवन कर उत्पात मचा रहे थे। डीजे की तेज आवाज से पास में रह रहे लोगों को परेशानी होने पर जाहिद ने शोर शराबे और गाली-गलौज का विरोध किया, तो हमलावरों ने उनके घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। लगभग आधा दर्जन लोग आयशा नामक महिला के दरवाजे पर मारपीट करते दिख रहे हैं। आरोप है कि हमलावरों ने न केवल गाली-गलौज की, बल्कि घर की बेटियों को हाथ पकड़कर खींचने और उनके साथ अभद्रता करने का भी प्रयास किया। जब पिता जाहिद बेटियों को बचाने आए, तो हमलावरों ने उन पर जानलेवा हमला कर सड़क पर बेहोश कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, ये हमलावर अक्सर शराब के नशे में कॉलोनी में कट्टा लहराते हैं और लोगों को धमकाते हैं। पड़ोसियों ने जब बीचबचाव करने की कोशिश की तो उनके साथ भी मारपीट की गई और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल कर अपमानित किया गया। आरोप है कि हमलावर जाते समय घर से नकदी और गहने भी ले गए। घायल फिजा, जाहिद सहित आधा दर्जन लोगों को पड़ोसियों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया, जहां पर जाहिद हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल के लिया रेफर कर दिया। पीड़ितों का आरोप है कि उनकी शिकायत पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई नहीं की गई।

## सूने घर से लाखों के जेवर व नकदी चोरी

**मौदहा (हमीरपुर)।** सिसोलर थाना क्षेत्र के भटुरी गांव में सूने घर से चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण व नकदी पार कर दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर जांच की मांग की है।

भटुरी निवासी वरदानी प्रजापति ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शनिवार की रात वह घर के पास दूसरे भवन में सो रहे थे। इसी दौरान चोर उनके घर में घुस गए और वहां रखे सोने-चांदी के आभूषण सहित 17 हजार रुपये नगद चोरी कर ले गए। सुबह जब वह घर पहुंचे तो अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। बक्से व कपड़े खुले हुए देखकर उनके होश उड़ गए। थाना प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

# आरक्षण बिल को लेकर महिलाओं का प्रदर्शन

- महिला बिल में बाधा डालने पर विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** चरखारी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान में महिला आरक्षण को लेकर भाजपा ब्लॉक प्रमुख सीमा कुशवाहा के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने विपक्ष और सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी के खिलाफ नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन किया। महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए सपा कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन दौरान महिला आरक्षण बिल को तत्काल लागू करने की मांग उठाई।

प्रदर्शन दौरान महिलाओं ने नारी शक्ति का स्वाभिमान, विपक्ष ने फिर किया अपमान और महिला आरक्षण लागू करो, जैसे नारे लगाए गए। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहीं ब्लॉक प्रमुख सीमा कुशवाहा ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को उनका अधिकार देना चाहते हैं, लेकिन विपक्षी दल इसमें बाधा डाल रहे हैं। कुशवाहा ने चेतावनी दी कि यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक महिलाओं को संसद में उनकी आधी हिस्सेदारी नहीं मिल जाती। महिलाओं ने हमीरपुर महोबा क्षेत्र के सपा सांसद की तस्वीर लगाकर उनके और सपा कांग्रेस गठबंधन के खिलाफ नारेबाजी कर मांग उठाई कि सांसद क्षेत्र की महिलाओं की आवाज संसद में उठाएं और बिल का समर्थन करें।



चरखारी के उद्यान में प्रदर्शन करतीं भाजपा से जुड़ी महिलाएं। अमृत विचार

इस मौके पर सभासद यशोदा कुशवाहा और अन्य महिला नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राजनीति में महिलाओं की भागीदारी केवल कागजों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। द्रोपदी सेन, नीतू खटीक और रामकुमारी श्रीवास सहित लगभग आधा सैकड़ा महिलाओं ने संकल्प लिया कि महिला विरोधी सोच रखने वाले दल को आने वाले समय में जनता जवाब देगी।

# महाराणा प्रताप जयंती पर बाइक रैली

- जयंती के मौके पर करणी सेना की ओर से डाकबंगला से आल्हा चौक कर निकाली गई रैली

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** करणी सेना की ओर महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती पर डाकबंगला से बाइक जुलूस निकाला गया, जिसमें पदाधिकारियों और सदस्यों ने हिस्सा लिया। रैली में सर्वसमाज के लोग अपनी अपनी बाइक में भगवा रंग के झंडे लगाकर निकले।

बाइक रैली दौरान युवा वर्ग ने महाराणा प्रताप अमर रहे, भारत माता की जय के जयकारे लगाए, जिससे पूरा शहर गूंज उठा। बाइक रैली डाकबंगला मैदान से प्रारम्भ हुई, जो पुराना प्राइवेट बस स्टैंड, तहसील चैराहा, मुख्य बाजार, ऊदल चैक होते हुए आल्हा चैक में पहुंचकर समाप्त हुई। जहां पर वीर शिरोमणि के चित्र पर सभी ने पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया और अपने अपने विचार व्यक्त किए। जयंती के मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुटी। इस मौके पर पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के पुत्र यशोवर्मन सिंह चंदेल ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन बड़ा संघर्ष भरा रहा। वह एक महान योद्धा थे। करणी सेना के जिलाध्यक्ष प्रदीप भदौरिया ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन अदम्य साहस, राष्ट्रप्रेम, स्वाभिमान और त्याग का प्रतीक है। उनसे हमें विषम परिस्थितियों में भी सिद्धांतों से समझौता न करने, मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने, अदम्य साहस के साथ संघर्ष करने और विपरीत समय में भी धैर्य व कूटनीति के साथ नेतृत्व करने की सीख लेनी चाहिए। इस मौके पर जनक सिंह, दिनेश सिंह, जयपाल सिंह, सोमवंशी, विपिन सिंह भदौरिया आदि ने विचार रखे।



सोमवार को बाइक रैली निकालते करणी सेना के कार्यकर्ता। अमृत विचार

# मंदिर की भूमि पर कब्जे की नीयत से पुजारी को धमकी

- पीड़ित ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर न्याय की लगाई गुहार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कुलपहाड़ तहसील क्षेत्र के पहाड़िया गांव में ऐतिहासिक हनुमान मंदिर की भूमि पर दबंग जबरन कब्जा करने में उतारू हैं। मंदिर के पुजारी ने इसका विरोध किया तो उन्हें धराया-धमकाया जा रहा है। सोमवार को पुजारी ने लोगों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर दबंग के खिलाफ कार्रवाई कराए जाने की मांग की है।

हनुमान मंदिर के पुजारी संत प्रकाश गिरि ने डीएम को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गाटा संख्या 213 में सदियों से बजरंगवली का मंदिर है। मंदिर के पीछे गांव के ही चूरामल, मलखान की भूमि गाटा संख्या 260 और 264 है। वे लोग मंदिर की भूमि पर कब्जा करने की फिराक में लगे हैं। जबरन कब्जा करने को लेकर गांव वालों ने भी रोका, लेकिन वे बाज नहीं आ रहे हैं। राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण उनके हौसले बुलंद हैं। पुजारी ने बताया कि उसे डरा धमकाकर भूमि पर कब्जा करने का दबाव बना रहे हैं। एससी-एसटी एक्ट के मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दे रहे है। दो दिन में खाली करने और खाली न करने पर मंदिर में आग लगाकर जलाने की भी धमकी दे रहे हैं। इस बावत 23 जुलाई 2025 को गांव के लोगों ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन कोई सुनवाई न होने पर डीएम की चैखट पर न्याय की गुहार लगाई है। पुजारी ने डीएम से दबंगों के खिलाफ कार्रवाई कर मामले का निस्तारण कराने की मांग की है।

गोष्ठी के उद्गार

डीएवी कालेज की वार्षिक पत्रिका 'दयानंद वाटिका' का किया गया विमोचन

# स्वामी दयानंद से सीखें अनुशासन का सलीका

- छात्रों को 'महोबा की धरोहर' पुस्तक पढ़ने की प्रेरणा दी गई

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** डीएवी इंटर कालेज में कार्यक्रम आयोजित कर कालेज की वार्षिक पत्रिका दयानंद वाटिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सुखवीर सिंह ने स्वामी दयानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

पुस्तक विमोचन कार्यक्रम की शुरूआत मां वीणापणि के छाया चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलित के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय प्रबंधक मनोज तिवारी, प्रधानाचार्य संतोष कुमार रामजी गुप्ता, मुकेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से दयानंद वाटिका पत्रिका का विमोचन किया। इसके बाद मुख्य अतिथि को पत्रिका के अलावा महोबा की धरोहर पुस्तक भेंट करते हुए पत्रिका को छात्रों को पढ़ने की प्रेरणा दी और पत्रिका का महत्व बताते हुए कहा कि पत्रिका में जिले के सभी माध्यमिक विद्यालयों की जानकारी समाहित की गई है।



दयानंद वाटिका पत्रिका का विमोचन करते कार्यक्रम के अतिथि। अमृत विचार

अपर जिलाधिकारी ने स्वामी दयानंद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी दयानंद जैसे महापुरुषों के जीवन से अनुशासन का पाठ सीखना चाहिए। ईश्वर ही समस्त सच्चे ज्ञान और ज्ञान के माध्यम से ज्ञात होने वाली हर चीज का वास्तविक कारण है। कहा कि स्वामी जी हमें हमेशा सत्य को स्वीकार करने और असत्य का त्याग करने के लिए तैयार रहना चाहिए। सभी कार्य धर्म के अनुसार किए जाने चाहिए, अर्थात् सही और गलत का विचार विमर्श करने के बाद ही किए जाने चाहिए। कार्यक्रम का संचालन वेदप्रकाश द्विवेदी ने किया। इस मौके पर विद्यालय प्रमोद कुमार निरंजन, अखिलेश कुमार, विपुल, प्रतीक पांडेय, धनीराम वर्मा, रघुवीर शरण मिश्रा, सुनील नायक, कमलेश कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक व छात्र मौजूद रहे।

## बच्चों को बाल विवाह के दुष्परिणाम बताए

**हमीरपुर।** हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन की टीम ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत दीनदयाल पाल इंटर कॉलेज कनौटा शीतलपुर में जागरूकता कार्यक्रम किया।

जेंडर स्पेशलिस्ट आकिफ अहमद एवं सिद्धार्थ दीक्षित ने छात्राओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं बाल विवाह से संबंधित कानूनी प्रावधानों तथा दंडात्मक व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी। बालिकाओं को गुड टच एवं बैड टच के विषय में जागरूक करते हुए उनकी सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाया। बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की उपयोगिता बताते हुए आपात स्थिति में मदद मांगने के लिए प्रेरित किया। महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

# एडीएम के पास शिक्षिका का मुद्दा

- चरित्र संबंधी आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** एक महिला शिक्षक के आपत्तिजनक व्यवहार से विभाग के अधिकारी और अन्य शिक्षक परेशान हैं। शिक्षिका के बर्ताव से आजिज आकर कुछ शिक्षकों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मुईनुल इस्लाम को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कराकर दोषी शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि शिक्षिका चरित्रहीन के आरोप लगाने की आदी है।

कबरई विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय तिंदौली में सहायक अध्यापक पद पर तैनात नम्रता कौशिक ने एडीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि तिंदौली विद्यालय की प्रधानाध्यापक ने उनके और सहयोगी अध्यापक पुरुषोत्तम राठौर पर घिनौने झूठे आरोप लगाकर बदनाम कर रही है। प्रधानाध्यापक अक्सर विवादों में घिरी रहती है और चरित्रहनन के आरोप लगाना उनका पुराना इतिहास रहा है। सहायक अध्यापिका ने अपने साथी अध्यापकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर एडीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि प्रधानाध्यापिका अपने कृत्यों के कारण निलंबित हैं। इन्होंने शिक्षक अनूप द्विवेदी व देवीदीन अनुरागी पर भी चरित्र संबन्धी झूठे आरोप लगाए थे, जो जांच में निराधार निकले। शिक्षकों ने इस तरह के घिनौने आरोप लगाने वाली शिक्षिका के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



सोमवार को अधिकारियों से मिलने कलेक्ट्रेट पहुंचे पीड़ित शिक्षक। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### दुराचार व हत्या का प्रयास करने के आरोपी को गिरफ्तार किया

**मऊ (चित्रकूट)।** थाना पुलिस ने घर में घुसकर दुराचार, हत्या का प्रयास करने और धमकी देने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। 26 अप्रैल को एक ग्रामीण महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बड़ा भइया उर्फ रामअवतार पुत्र नंदलाल यादव, मुन्नी यादव पुत्र अयोध्या प्रसाद और उसके बुआ के लड़के ने घर में घुसकर उसके साथ अश्लील हरकत की। बीच बचाव करने आए सास-ससुर से गालीगलौज, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पति की गर्दन दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। सोमवार को एसआई राहुल पांडेय ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी बड़ा भइया उर्फ रामअवतार को उसके घर से गिरफ्तार किया।

### एएसपी ने सुनीं पुलिस पेंशनरों की दिक्कतें

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक पीयूषकांत राय ने राघव प्रेक्षागार में पुलिस पेंशनरों के साथ बैठक की। एएसपी ने इनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण का आश्वासन दिया। पेंशनरों से अनुभव और ज्ञान का उपयोग कर कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने के लिए कहा। इनको साइबर ठगी के खिलाफ जागरूक किया। स्वास्थ्य बीमा योजनाओं की जानकारी दी गई। समस्याओं को नोट कर और समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### परिवार को टूटने से बचाया

**चित्रकूट।** थानाध्यक्ष महिला थाना नीलम देवी ने दंपती के बीच सुलह कराई। कुसुमा पुत्री बैजू निवासी अमानपुर ने पति शिवशंकर पुत्र नन्हेलाल निवासी कमासिन (बांदा) एवं ससुरालीजनों पर मारपीट कर घर से निकालने, जान से मारने की धमकी एवं दहेज की मांग करने के संबंध में महिला थाने में प्रार्थनापत्र दिया था। थानाध्यक्ष एवं उनकी टीम ने दोनों पक्षों को समझाया।

### बीज मिनी किट के लिए करें आनलाइन बुकिंग

**चित्रकूट।** उप निदेशक कृषि राजकुमार ने बताया कि मोटे अनाज (मिलेट्स) फसलों को बढ़ावा देने के लिए उन्नतशील प्रजाति के बीज मिनीकिट निशुल्क वितरित किए जाएंगे। जिले में 4757 मिनीकिट वितरण का लक्ष्य है। इच्छुक किसान आनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

### वृद्ध ने लगाई फांसी

**चित्रकूट।** कर्वी के छिपनी बाहर खेड़ा में अज्ञात कारणों से 60 वर्षीय वृद्ध ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला चित्रकूट जनपद के कर्वी कोतवाली अंतर्गत छिपनी बरखेड़ा गांव का है, जहां बीते रविवार की दोपहर लगभग 3 बजे का है, जहां अज्ञात कारणों के चलते शराब के नशे में 60 वर्षीय वृद्ध फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक 60 वर्षीय राधे की बहू आशा ने बताया कि मृतक ससुर राधे रोजाना की भांति रविवार की दोपहर लगभग 3 :00 बजे रिक्शा चला कर घर आये और शराब के नशे में थे। तभी आशा ने उन्हें खाना खाने को कहा । वह बच्चे को लेकर घर की छत पर चली गई इसी दौरान राधे ने कमरे में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। कुछ देर बाद कमरे से कोई हलचल न होने पर उसने कमरे में खिड़की से झांक कर देखा तो राधे फांसी के फंदे पर लटके हुए थे । परिजनों ने राधे के शव को घर से बाहर निकाला है और पुलिस को जानकारी दी।

# बिजली व पानी की दिक्कत से परेशान ग्रामीणों ने पावर हाउस का किया घेराव

## आनन-फानन में उपकरण लाकर विद्युत आपूर्ति दुरुस्त करने लगे कर्मचारी

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में कई दिनों से बिजली-पानी की आपूर्ति ठप होने से परेशान खंदेवरा के ग्रामीणों का आक्रोश सोमवार को फट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने रामनगर पावर हाउस पहुंचकर घेराव कर दिया। गुस्साए ग्रामीणों को देख बिजलीकर्मियों के हाथ-पांव फूल गए। आननफानन में उपकरण लाकर आपूर्ति बहाली की कवायद शुरू कर दी गई।

ग्राम पंचायत इटहा देवीपुर के मजरा खंदेवरा में लगभग पांच दिन से बिजली आपूर्ति ठप होने से गांव में पानी की किल्लत बढ़ी है। क्षेत्र पंचायत सदस्य बालकृष्ण त्रिपाठी की अगुवाई में छेदीलाल, गंगाराम, शिवकुमार, अजय, मतगंजन, सुनील, सरदार आदि ग्रामीण सुबह लगभग 11 बजे वहां पहुंचे और धरना देते हुए विरोध जताने लगे। इस दौरान किसी कर्मचारी ने फोन कर विभागीय अधिकारियों को जानकारी दी। कुछ ही देर बाद एक कर्मचारी बाइक से टीऑफ़ लेकर पावर हाउस पहुंच गया। अवर अभियंता ने दो घंटे के अंदर हर हाल में बिजली आपूर्ति बहाल कराने का भरोसा देकर ग्रामीणों के आक्रोश को शांत कराया। उधर, शाम लगभग चार बजे बिजली गांव में बहाल तो हुई लेकिन एक फेस फिर भी नहीं आया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बने जल निगम के नलकूप के लिए जो गांव तक जो लाइन आई है, उसके रास्ते पर कई पेड़ पड़ते हैं, जिनसे आयेदिन आपूर्ति ठप हो जाती है। सुझाव दिया कि विद्यालय के पास राजेंद्र त्रिपाठी के दरवाज़े के पास लगे ट्रांसफार्मर का पावर बढ़ाकर गांव की लाइन जोड़ी जाए तो गांव को निर्बाध विजली मिल सकती है।



उपकरण लेकर कार्य करने पहुंचे बिजलीकर्मी।




'अमृत विचार' में 11 मई को प्रकाशित समाचार।

### 'अमृत विचार' ने प्रमुखता से प्रकाशित की खबर

- गौरतलब है कि 'अमृत विचार' ने 11 मई के अंक में बिजली व पेयजल की किल्लत से जूझ रहे खंदेवरा के लोग, शीर्षक से प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया। इसके बाद भी विभागीय लोगों की नींद टूटी। क्षेत्र पंचायत सदस्य बालकृष्ण त्रिपाठी आदि ने 'अमृत विचार' को जनसरोकारीय पत्रकारिता के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि कई दिन से पूरा गांव परेशान था। जब 'अमृत विचार' में खबर छपी और ग्रामीण आक्रोशित हुए तो विभाग नींद से जागा।

### पर पानी की किल्लत अभी बरकरार

- बिजली तो बनी पर स्मार्ट मीटर के कारण अभी भी ग्रामीणों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि अभी जल निगम, नमामि गंगे एवं बिजली विभाग इस महत्वपूर्ण मामले को लेकर गंभीर होते दिख नहीं रहे हैं।

### पैसा मांगने का आडियो वायरल

- बताया जाता है कि स्थानीय लाइनमैन द्वारा तत्काल बिजली बनाने के नाम पर ग्रामीणों से पैसे की मांग की गई। किसी ने इसकी आडियो रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया में वायरल कर दी। (हालांकि 'अमृत विचार' वायरल आडियो की पुष्टि नहीं करता।) आडियो की जानकारी ब्लॉक प्रमुख मऊ सुशीला देवी को लगी तो तत्काल उन्होंने अरविंद कुमार एसडीओ को फोन कर नाराजगी जताई। एसडीओ रामनगर ने हर हाल में सोमवार को खंदेवरा की बिजली बहाल कराने का भरोसा दिया और लाइनमैन को चिह्नित कराकर कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया।

# ईंधन व खाद का समझदारी से करें इस्तेमाल

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



किसानों को जानकारी देते विशेषज्ञ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां के तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय वर्तमान वैश्विक संकट को कम करने में समाज की भूमिका था। इसमें विशेष रूप से कृषि में ईंधन एवं रासायनिक उर्वरकों के उपयोग पर चर्चा की गई।

डॉ. राजेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, बढ़ती ऊर्जा लागत एवं मृदा उर्वरता में गिरावट जैसे वैश्विक संकटों का समाधान वैज्ञानिक तकनीकों के साथ समाज की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। उन्होंने किसानों से उर्वरकों एवं डीजल जैसे संसाधनों के संतुलित उपयोग के साथ-साथ जैविक एवं प्राकृतिक खेती को अपनाने का अनुरोध किया। जिला प्रबंधक नाबार्ड रतन ने नाबार्ड की योजनाओं के बारे में बताया। इफको के राजवीर ने भी उर्वरकों के संतुलित एवं वैज्ञानिक उपयोग, मृदा परीक्षण के महत्व तथा नैनो उर्वरकों के प्रयोग के बारे में विस्तार से बताया। अनिल सिंह ने ग्रामीण युवाओं को कृषि आधारित उद्यमों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। जितेंद्र सिंह ने समाज की सहभागिता एवं सामूहिक प्रयासों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को ईंधन की बचत के लिए उन्नत कृषि यंत्रों के उपयोग, फसल विविधीकरण, एवं कम लागत वाली तकनीकों के बारे में भी जानकारी दी गई।

### खेत का भ्रमण कर दी जानकारी

- इस मौके पर ग्रीष्मकालीन मूंग के प्रचार-प्रसार के लिए खेत का भ्रमण किया गया। रोहित कुमार एवं अभय कुमार के खेत पर उन्नत किस्मों एवं वैज्ञानिक पद्धति से की गई मूंग की खेती का प्रदर्शन किया गया। किसानों ने फसल का उत्पादन क्षमता देखा और विशेषज्ञों से जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। वैज्ञानिकों ने बताया कि मूंग जैसी दलहनी फसलें मृदा की उर्वरता बढ़ाने में सहायक होती हैं और कम लागत में अधिक लाभ प्रदान कर सकती हैं।

### एक सप्ताह से बिजली ठप, डीएम के निर्देश पर मिले पोल

**रामनगर चित्रकूट।** आकांक्षी ब्लाक रामनगर की ग्राम पंचायत रामपुर में पांच मई को आई भीषण आंधी से लगभग 35 पोल टूट गए, जिससे रामपुर, बेलरी की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इससे पानी की किल्लत भी हो गई। ग्राम प्रधान रामकेश यादव ने बताया कि टैंकर से वैकल्पिक आपूर्ति कराई जा रही है। ग्राम प्रधान ने बिजली विभाग पर आरोप लगाते हुए बताया कि एक सप्ताह तक पोल भेजने का कोरा आश्वासन देते रहे। ग्रामीणों के साथ विधायक मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी से मिलकर इसकी जानकारी दीतो उन्होंने भी फोन कर व्यवस्था दुरुस्त कराने के लिए जिम्मेदारों को कहा। इसके बाद भी कुछ पहल होती न देख सोमवार को जिलाधिकारी से गुहार लगाई। उनके हस्तक्षेप पर दस पोल पानी की टंकी तक के लिए मिले। डीएम ने गांव मजरों की लाइन दुरुस्त कराने के लिए विभाग को निर्देश दिए।

### खरीद में कटौती का लगाया आरोप

**चित्रकूट।** भारतीय किसान यूनियन के जिला महामंत्री अरुण कुमार पांडेय के साथ किसानों ने नवीन गल्ला मंडी में खरीद के तीनों केंद्रों का जायजा लिया। बताया कि दो केंद्रों में किसानों से दो किलो प्रति क्विंटल कटौती देखी गई। किसानों ने आरोप लगाया कि बिना कटौती गेहूं नहीं खरीदा जाता। । केंद्र प्रभारियों द्वारा किसानों को गुमराह किया जा रहा है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा, सहायक उपनिबंधक राजेंद्र कुमार, पीसीएफ प्रबंधक रणजीत कुमार मौर्य, सहायक विकास अधिकारी नीरज कुमार ने किसानों से बात की और ठेकेदार पर कार्रवाई करने, दूसरे पल्लेदारों की व्यवस्था के साथ गोदामों को खाली कराए जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर राजकिशोर सिंह, शैलेंद्र सिंह , जसवंत सिंह चौहान, नरेश सिंह, सिद्धार्थ सिंह, राजा सिंह, संत गोपाल, शिव सिंह रहे।



खरीद केंद्र का मुआयना करते जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा।

### चकौध केंद्र के ठेकेदार की ब्लैक लिस्टिंग की संस्तुति

**चित्रकूट ।** डीएम के निर्देश पर अधिकारियों ने गेहूं खरीद केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। बी-पैक्स चकौंध खरीद केंद्र पर लापरवाही पाए जाने पर जिला प्रबंधक पीसीएफ और सहायक विकास अधिकारी सहकारिता की संयुक्त रिपोर्ट के आधार पर हैंडलिंग ठेकेदार मे. हनुमत कांट्रैक्टर्स, हरदोई के खिलाफ ब्लैकलिस्टिंग की कार्रवाई की संस्तुति की गई है। वहीं केंद्र प्रभारी ज्ञानेंद्र कुमार मिश्रा से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जिले के अन्य गेहूं खरीद केंद्रों पर किसी प्रकार की अनियमितता नहीं मिली। सभी केंद्र प्रभारियों को कड़े शब्दों में निर्देश दिए गए हैं कि किसानों का किसी भी प्रकार से शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ कठोर विभागीय एवं विधिक कार्रवाई की जाएगी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने बताया कि जिले में 11 मई 2026 तक 1984 किसानों से 8681 .25 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग दोगुनी है।

# बच्चों की मौत का प्रमुख कारण बर्थ एस्फिक्सिया

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिला चिकित्सालय में जनपद चित्रकूट में नवजात शिशु पुनर्जीवन कार्यक्रम (एनआरपी) दिवस पर प्रसव इकाइयों में कार्यरत चिकित्सकों एवं चिकित्साकर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला कोर्स कोआर्डिनेटर डा. नरेंद्र कुमार मौर्या ने बताया गया कि बर्थ एस्फिक्सिया भारत में नवजातों की मौत का प्रमुख कारण है।

चिकित्साकर्मियों को नवजात शिशुओं की आपातकाल स्थिति से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया। बालरोग विशेषज्ञ डा. एचसी अग्रवाल ने बताया कि बच्चे के जन्म के तुरंत बाद का पहला मिनट गोल्डन मिनट कहलाता है। इस दौरान शिशु को सही और समय पर उपचार न मिले तो उसकी जान पर खतरा हो सकता है। प्रसव के बाद गंभीर लक्षण वाले बच्चों की तुरंत पहचान कर उपचार शुरू करना प्रत्येक चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी की जिम्मेदारी है। सही समय पर की गई चिकित्सीय प्रक्रिया नवजात शिशुओं को नया जीवन दे सकती है। प्रशिक्षण में लेबर रूम, एसएनसीयू, एनबीएसयू स्टाफ के अलावा विभिन्न सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के लगभग 50 स्वास्थ्यकर्मियों ने हिस्सा लिया। वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से आपातकालीन परिस्थितियों में नवजात शिशुओं की देखभाल के आधुनिक तरीकों के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में सभी को ग्रुपों में अलग-अलग बांटकर बालरोग विशेषज्ञों की निगरानी में प्रॉक्टिकल सेशन सभी प्रतिभागियों द्वारा बारी-बारी से कराया गया। इसमें बालरोग विशेषज्ञ डा. शिफाली, डा. नितिन ग्यारसपुरिया, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता और एसएनसीयू स्टाफ बृजेंद्र ने सहयोग किया।



जानकारी देते डॉ. नरेंद्र कुमार मौर्या।

- नवजात शिशु पुनर्जीवन कार्यक्रम (एनआरपी) दिवस पर डॉक्टरों को दिया गया प्रशिक्षण

### नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**रामनगर।** विकास पथ सेवा संस्थान ने सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड के सहयोग से इटवा गांव के शिव बाबा मंदिर परिसर में सोमवार को नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया। इस मौके पर सभासद शंकर प्रसाद यादव ने प्याऊ का उद्घाटन भी किया। इस दौरान आयोजक पद्मेंद्र त्रिपाठी, रामेश्वरी देवी, रचना द्विवेदी, ओम प्रकाश यादव, बालकृष्ण तिवारी , उमाशंकर शुक्ल, विनय यादव, बृजेश यादव, दिलीप कुमार, संतोष मिश्रा, डा. प्रभाकर सिंह, राजाराम राजपूत, शारदा प्रसाद पाल, शिवदास, योगी नारायण, राजाराम, बद्रीविशाल, शिवशंकर, रामकलेश, बृजमोहन, सूर्यकांत त्रिपाठी, अरुण सिंह, छितानी, विकास मिश्रा रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरे पुत्र के पासपोर्ट पर मेरा घरेलू नाम छिटाना देवी अंकित है जो गलत है। आधार कार्ड के अनुसार मेरा नाम **छिटाना पत्नी स्वर्गीय रामकुमार निवासी ग्राम पूरे नौरंग सिंह मजरे व पोस्ट आलमपुर तहसील लालगंज जनपद रायबरेली** है। मैं छिटाना के नाम से ही जानी पहचानी जाती हूं।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील मितौली ब्लाक बेहजम की न्याय पंचायत नीमगांव की ग्राम पंचायत किशनपुर में प्रस्तावित बहुउद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति के गठन हेतु तृतीय बैठक दिनांक मई 15/05/2026 प्राथमिक विद्यालय माझा नगर में आयोजित की जा रही है इच्छुक व्यक्ति प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें । **रेशमा पांडे ,ग्राम पंचायत किशुनपुर ब्लॉक बेहजम, तहसील मितौली जिला लखीमपुर खीरी मोबाइल नंबर 94506 87059**

**सूचना**
मैं **बीनू पुत्र नरवीर सिंह नि0 ग्रा0 सिसैया नगला पो0 कुंअरपुर बनवारी छिबरामऊ कन्नौज** जो क्रय किया है दिलीप कुमार पुत्र पूजन सिंह इनकी रजिस्टी वही सं0 1 जिल्द सं0 6008 पृष्ठ सं0 2 से 16 तक क्रमांक 126 पर दिनांक 27-12-2017 पंजीकृत उपनिबन्धक छिबरामऊ कन्नौज में दर्ज हुई है। जो वास्तव में खो गयी है। जिसकी गुमशुदगी की सूचना ऑनलाइन के माध्यम से एफ0आई0आर0 नं0- 2026000113256 दिनांक 27-01-2026 को दर्ज करा दिया है।

**सूचना**
मैं **नाजिमा बानो पत्नी फारुख अली निवासी मनेरा, नवाबगंज, जिला- बाराबंकी** मेरे पति फारुख के नाम पालिसी नं0-218713808 है। जिनकी मृत्यु दिनांक-12/04/2018 हो गई है। उक्त पालिसी की जानकारी न होने के कारण उक्त पालिसी का दावा प्रस्तुत करने में देरी हो गई है, जो माफ़ी योग्य है मैं कम पढ़ी-लिखी होने के कारण पालिसी क्लेम देरी हुई है। मैं मृतक पति के उक्त पालिसी का देर से दावा स्वीकार किये जाने की अति आवश्यकता है ।

**बेदखली सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र अनुज कुमार गुप्ता को उसके खराब आचरण और प्रताड़ना से तंग आकर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। अनुज कुमार गुप्ता के किसी कृत्य व लेन-देन से मेरा कोई सम्बन्ध नहीं है, न ही मेरी संपत्ति में वो हकदार होगा। **नन्दलाल गुप्ता सुत कंधई लाल निवासी मकान नंबर- 1697 डिहवा, थाना कोतवाली नगर, जिला सुलतानपुर**

**सूचना**
मैने अपना नाम AAFRA KHATOON निवासी -202, Farabi Foster Apartment, Sector-7 ,Vikas Nagar, LUCKNOW से बदल कर AFRA KHAN D/o MOHD SAKIM कर लिया है। आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

**NOTICE**
Important Notice It is hereby informed to the general public that I have changed my name from A. MOID to ABDUL MOID S/O ABDUL JABBAR. In the future, I shall be known and recognized by the ABDUL MOID, Address: VILL-HARHATA, POST-GUDRA, BALRAMPUR, UP. ABDUL MOID S/O ABDUL JABBAR Note: OLD NAME: A. MOID NEW / CHANGED NAME: ABDUL MOID

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह कि मैंने अपना नाम RAKESH DIXIT से बदल कर RAKESH KUMAR DIXIT रख लिया है। भविष्य में मुझे RAKESH KUMAR DIXIT के नाम से जाना व् पहचाना जाये। **राकेश कुमार दीक्षित पुत्र सुरेश कुमार दीक्षित निवासी 345, मनोहर नगर, बर्रा-2, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश- 208027**

**NOTICE**
Shivraji mother of JC-355913A Sub Mishra Jayshankar Shri Hosilaprasad presently residing at Village Dauri Faridpur, Post Mokalpur, Ps. Akhand Nagar,Teh. Kadipur District Sultanpur State Uttar Pradesh have changed my name and DOB form Shivraji to Shivraji Devi form and my DOB from 02 Sep 1936 to 15-05-1938 vide affidavit IN-UP-49966657765740Y date 07-05-2026 before Sadar Sultanpur

# सचिव ने किया स्टेडियम का मुआयना

**चित्रकूट।** सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग सुभाष एलवाई ने सोमवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम का मुआयना किया। उन्होंने सी एंड डीएस के परियोजना प्रबंधक उदयभान से जिम हाल का विस्तार कराने, जिम की मशीनों को दूसरी जगह शिफ्ट करने, बैडमिंटन हाल में सिंथेटिक्स मैट लगवाने, रनिंग ट्रैक लगवाने को कहा। निर्देश दिए कि मैदान का समतलीकरण करने के बाद ही रनिंग ट्रैक का निर्माण शुरू किया जाए। स्टेडियम में मिट्टी भराई का काम अति शीघ्र शुरू कराने और पैवेलियन की मरम्मत के लिए इस्टीमेट भेजने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान सीडीओ डीपी पाल, जिला क्रीड़ाधिकारी अरविंद कुमार सोनकर, जिला युवा कल्याण अधिकारी शैलेंद्र उपाध्याय, अखंड प्रताप, अंगद सिंह, फिरोज अंसारी, वैभवराज सिंह, अख्तर हुसैन, सिद्धत निगम आदि रहे।



स्पोर्ट्स स्टेडियम का मुआयना करते खेल व युवा कल्याण विभाग के सचिव सुभाष एलवाई।

### जमुनोत्री देवी अध्यक्ष व विदुप बने प्रबंधक

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** देववाणी शिक्षा समिति मानिकपुर का चुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। सभी प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। श्रीमती पकौआ देवी संस्कृत महाविद्यालय में चुनाव प्रक्रिया हुई। साधारण सभा सदस्यों की वर्ष 2025 की प्रमाणित सूची के अनुसार, कुल 23 सदस्य नामित थे, जिनमें 12 सदस्य स्वयं उपस्थित हुए जबकि पांच सदस्य प्रॉक्सी के माध्यम से शामिल हुए। इस प्रकार कुल 17 सदस्यों की उपस्थिति से कोरम पूरा होने पर चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई। निर्वाचित पदाधिकारियों में जमुनोत्री देवी गुप्ता अध्यक्ष, देवराज यादव उपाध्यक्ष, विदुप अग्रहरि प्रबंधक, मनोज अग्रवाल उपप्रबंधक तथा नीरज अग्रवाल कोषाध्यक्ष चुने गए। इसके अलावा प्रबंधन समिति सदस्य के रूप में मोनू बाबू, मुन्नालाल गुप्ता, शारदा प्रसाद अग्रहरि, अमर सिंह और सुधाकर पांडेय निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचित पदाधिकारियों एवं समिति सदस्यों ने सभी का आभार जताया और समिति के उद्देश्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

**आयोजन** | दिव्यांग विवि के दीक्षांत समारोह में 141 स्वर्ण पदक वितरित किये गए

# दिव्यांगों के लिए समर्पित है दिव्यांग विश्वविद्यालय : नरेंद्र कश्यप

कार्यालय संवाददाता,चित्रकूट

**अमृत विचार।** जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट का नवम दीक्षांत समारोह सोमवार को हुआ। दीक्षांत समारोह में 2417 उपाधियां, 141 स्वर्ण पदक, छह कुलाधिपति पदक, 39 शोध उपाधि प्रदान की गईं। दिव्यांगजन सशक्तिकरण तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि यह देश का ऐसा विवि है जो पूरी तरह से दिव्यांगों की उच्च शिक्षा के लिए समर्पित है।

दीक्षांत समारोह की शुरुआत शोभायात्रा से की गई। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती की वंदना की। कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पांडेय ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियां का उल्लेख किया। पैरालंपिक खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके रजत पदक प्राप्त करने वाले आईएएस अधिकारी सुहास एलवाई व मंडलायुक्त अजीत कुमार को मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। शोध पत्रिका समानुभूति के नवीन अंक का विमोचन आदि पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। दिव्यांगजन सशक्तिकरण तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने उपाधिधारकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में नए केंद्र तथा बुनियादी सुविधाओं में सुधार किया जाएगा। इसके लिए सरकारी सहायता देने का आश्वासन भी दिया। डिजीटल माध्यम से केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह में भले वह उपस्थित नहीं हैं लेकिन मन से उपस्थित हैं। शीघ्र ही विवि में उपस्थित होकर प्रगति में अपना यथासंभव योगदान देंगे। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव मधुरेंद्र कुमार पर्वत ने किया। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य सुमित्रा बाल्मीकि, आचार्य रामचंद्र दास, कुलाधिपति के निजी सचिव रमापति मिश्र, वित्त अधिकारी रमेश कुमार, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा, पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिलाध्यक्ष कोआपरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



कमिश्नर अजीत कुमार को डी लिट की मानद उपाधि देते जगद्गुरु रामभद्राचार्य।




कार्यक्रम में मौजूद जगद्गुरु रामभद्राचार्य, मंत्री नरेंद्र कश्यप और अन्य जनप्रतिनिधि।

### भारतीय ज्ञान परंपरा का उत्कृष्ट स्वरूप- रामभद्राचार्य

- जीवनपर्यंत कुलाधिपति जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा कि यह विश्वविद्यालय भारतीय ज्ञान परंपरा का उत्कृष्ट स्वरूप है। उन्होंने दीक्षांत के अर्थ को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रत्येक शिक्षार्थी को शिक्षा के सही अर्थ को ग्रहण कर उपकार के द्वारा मानव कल्याण के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक ऐसी शक्ति है जो मातृ देवो भव, पितृ देवो भव और आचार्य देवो भव के साथ राष्ट्र देवोभव के सूत्र को अंगीकार करते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा देती है।

### कमिश्नर अजीत कुमार को डी लिट की मानद उपाधि

- **चित्रकूट।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय ने मंडलायुक्त अजीत कुमार को डी लिट (डाक्टर आफ लिटरेचर) की मानद उपाधि दी है। यह उपाधि उनको उत्कृष्ट प्रशासनिक सेवा, जनकल्याणकारी कार्यों एवं समाज के प्रति समर्पित योगदान के लिए दी गई है। विवि के कुलाधिपति जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने उनको यह सम्मान दिया। मंडलायुक्त को मानद उपाधि मिलने पर मंडल के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों आदि ने बधाई दी है।

